
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अमिताभ बच्चन को आया गुस्सा......


कायनात गायकी का भी रखती है.....

वर्ष : 10 | अंक : 352 | लखनऊ, 05 दिसम्बर, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## घटिया सड़कों के निर्माण के मामले में नपेंगे कई और अभियंता, मुख्यालय को भेजी गई रिपोर्ट

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सड़क निर्माण में घोटाला व काम में लापरवाही बरतने के मामले में नौ जिलों के अभियंता विभाग के रडार पर आ गए हैं। इनके विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय को रिपोर्ट भेज दी गई है। जल्द ही रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में नौ जिलों के कई अभियंताओं के नाम हैं।

लोक निर्माण विभाग का विभागीय मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री ने अक्टूबर में नई बनी सड़कों की जांच के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। इसके बाद प्रमुख सचिव अजय चौहान व विभाग के सलाहकार वीके सिंह तथा तत्कालीन विभागाध्यक्ष योगेश पवार ने हरदोई सहित 10 जिलों में नई बनी सड़कों की जांच कराई थी।

### चार सड़कें गुणवत्ता के मानकों को खरी नहीं उतरी

तीनों शीर्ष अधिकारियों ने हरदोई में बनी सड़कों की जांच खुद की थी। हरदोई में नई बनी चार सड़कें गुणवत्ता के मानकों को खरी नहीं उतरी थीं। प्रयोगशाला में इनके नमूने भी फेल हो गए थे। इसके बाद शासन ने बीते सप्ताह 16 अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। साथ ही सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदारों से भी 30 करोड़ रुपये वसूलने का निर्णय विभाग ने किया था।

### इन जिलों में बनी सड़कों की भी कराई गई जांच

हरदोई के साथ ही विभाग ने कानपुर नगर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर, बलरामपुर, प्रतापगढ़, बदायूं, जालौन व बस्ती में बनी सड़कों की जांच भी कराई थी। इन सड़कों के 40 से ज्यादा नमूने लिए गए थे।

### अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू

विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रयोगशाला में जांच के दौरान इनमें से ज्यादातर नमूले फेल पाए गए हैं। इसकी रिपोर्ट भी मुख्यालय को भेज दी गई है। विभाग ने संबंधित अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। उम्मीद की जा रही है कि अगले सप्ताह तक पहले संबंधित अभियंताओं पर कार्रवाई के अलावा घटिया सड़कों का निर्माण करने वाली कंपनियों के विरुद्ध भी कार्रवाई कर दी जाएगी।

## वायनाड को लेकर अमित शाह से मिलीं प्रियंका गांधी

### रिलीफ फंड जारी करने की मांग की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बाढ़ से अस्त-व्यस्त हो चुके केरल के वायनाड को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से प्रियंका गांधी ने मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि हमने पीएम और गृह मंत्री को ज्ञापन दिया है। क्षेत्र (वायनाड में) में तबाही पूरी हो गई है। जो लोग प्रभावित हुए हैं उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। ऐसे में अगर केंद्र कदम नहीं उठा सकता तो इससे पूरे देश और खासकर पीड़ितों में बहुत बुरा संदेश जाता है। पीएम ने दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की थी। इसके बाद जब मैं पीड़ितों से मिली तो उन्होंने उम्मीद जताई कि शायद उन्हें कुछ राहत मिलेगी।

इस मुलाकात के दौरान 21 और सांसद मौजूद थे। प्रियंका ने अमित शाह से वायनाड के लिए 2221 करोड़ का रिलीफ फंड जारी करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि अब, 4 महीने बीत चुके हैं और वह राहत नहीं मिल रही है। मैंने गृह मंत्री से अपील की है और उन्होंने बहुत दयालुता से हमारी बात सुनी है।' मैंने उनसे अपील की है कि हम राजनीति से ऊपर उठें और वास्तव में प्रभावित लोगों के दर्द और पीड़ा को पहचानें। उन्होंने कहा कि केरल के सभी सांसदों की ओर से, उनसे (केंद्रीय गृह मंत्री) से हमारी अपील है कि उन्हें इस पर बहुत गंभीरता से विचार करना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा है कि क्या किया गया है और क्या किया जा सकता है, दोनों का ब्यौरा देंगे।

वायनाड के मतदाताओं ने लगातार तीसरी बार गांधी परिवार को विजय दिलाई और राहुल गांधी के उत्तराधिकारी के रूप में उनकी बहन प्रियंका को सांसद चुना। सत्तारूढ़ वाम दल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा मैदान में उतारे गए उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2019 और 2024 में केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से चुनावी जीत हासिल की थी। हालांकि, इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली से भी विजयी रहने के कारण उन्होंने इसे (वायनाड सीट को) खाली कर दिया, जिसके बाद पार्टी ने प्रियंका को मैदान में उतारा। प्रियंका ने गांधी परिवार के लिए वायनाड की प्राथमिकता को प्रदर्शित करते हुए 4.10 लाख से अधिक वोटों के प्रभावशाली अंतर से जीत हासिल की। कांग्रेस ने पलक्कड़ विधानसभा सीट भी बरकरार रखी।

### मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

## नौसेना की प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, समृद्धि सुनिश्चित करती है: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना की सराहना की और कहा कि उसकी प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में नौसेना की उपलब्धियों की याद में नौसेना दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य भारतीय नौसेना के अद्वितीय साहस, कार्यकुशलता और देश की रक्षा में उसके योगदान को याद करना है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नौसेना दिवस पर हम भारतीय



नौसेना के बहादुर कर्मियों को सलाम करते हैं जो अतुलनीय साहस और समर्पण के साथ हमारे समुद्र की रक्षा करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता हमारे राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। हमें भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर भी बहुत गर्व है।

## राहुल गांधी के संभल जाने पर भाजपा का वार

### सिर्फ मीडिया आकर्षण पाने की है कोशिश : सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राहुल गांधी के संभल दौरे को लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संसद का सत्र चल रहा है और इस सत्र में इंडी गठबंधन का बिखराव और संविधान के प्रति उनका दुराव देश की जनता को स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कल राज्यसभा में विपक्षी दल द्वारा नियम 267 के तहत यानी सभी कार्य रोक कर किसी मुद्दे पर चर्चा की जाए, इसके तहत 42 नोटिस आए थे और 9 अलग अलग नोटिस



आए थे, जो इंडी गठबंधन के दो दलों ने एक विषय के लिए नहीं दिया था।

त्रिवेदी ने आगे कहा कि ये स्पष्ट था कि कांग्रेस पार्टी जो अपना एजेंडा लेकर चल रही थी, इंडी गठबंधन के बाकी दलों ने अपनी राह खुद तय कर ली। उन्होंने कहा कि सदन के पटल पर सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की विफलता के बाद राहुल गांधी जी रस्म अदायगी के लिए उत्तर प्रदेश के संवेदनशील क्षेत्र संभल जाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पर सपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर राम गोपाल यादव जी ने कहा है कि कांग्रेस औपचारिकता निभा रही है। मैं इसे ऐसे कहना चाहूंगा कि कांग्रेस औपचारिकता नहीं विवशता निभा रही है। संभल पर कांग्रेस के किसी नेता ने न कुछ बोला, न ही कुछ लिखा और आज अचानक सिर्फ मीडिया आकर्षण पाने और इंडी गठबंधन को साथ न रख पाने की छटपटाहट में ये कार्य किया है।

भाजपा नेता ने कहा कि INDI एलायंस से जुड़ी हर पार्टी और सदस्य देश में शांति और स्थिरता दोनों के लिए खतरा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद से आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। हत्याओं और आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि के साथ अपराध और कानून व्यवस्था की स्थिति भी तेजी से समस्याग्रस्त हो गई है। पार्टी के अंदर अंदरूनी खींचतान चल रही है। उन्होंने कहा कि आज पवित्र स्वर्ण मंदिर द्वार पर गोली चलना और एक पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष रहे, उन पर हमले का प्रयास दशार्ता है कि आज पंजाब में स्थिति किस सीमा तक पहुंच गई है। इसका मुख्य कारण ये है कि आम आदमी पार्टी में आपसी खींचतान चल रही है।

### संक्षिप्त समाचार

#### दिल्ली सरकार निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध से प्रभावित श्रमिकों को 8,000 रुपये का मुआवजा देगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण के कारण शहर में निर्माण संबंधी गतिविधियों पर लगे प्रतिबंध से प्रभावित 90,000 से अधिक पंजीकृत श्रमिकों में से प्रत्येक को 8,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तहत 18 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था। अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) आशीष चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की बैठक में लिया गया।

#### याचिकाएं दाखिल करना परियोजनाओं को बाधित करने का घटिया तरीका : बंबई उच्च न्यायालय

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

मुंबई । बंबई उच्च न्यायालय ने पुनर्विकास परियोजनाओं के खिलाफ गैर जरूरी याचिकाएं दायर करने के चलन की निंदा की और कहा कि यह परियोजनाओं को रोकने का सबसे घटिया तरीका बन गया है। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खता ने 67 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा दायर की गयी याचिका 12 नवंबर को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता 83 साल पुराने एक बंगले में 1995 से बतौर किरायेदार रह रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह गैर जरूरी एवं शरारतपूर्ण याचिकाएं दायर करने के विरूद्ध निवारक का काम करेगा।

## BHU छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीसरे आरोपी को मिली जमानत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

वाराणसी । काशी हिंदू विश्विद्यालय के आईआईटी की छात्रा से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीसरे आरोपी को भी जमानत मिल गयी। इस बीच पीड़िता ने छात्रावास से दूसरे शहर चले जाने का हवाला देते हुए अदालत से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी कराने का अनुरोध किया। जिला सहायक शासकीय अधिवक्तता मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को उच्च न्यायालय के आदेश पर छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीसरे आरोपी सक्षम पटेल को भी जमानत दे दी गयी।




इससे पहले कुणाल पांडेय और अभिषेक चौहान को चार महीने पहले ही जमानत दे दी गयी थी।

गुप्ता ने बताया कि तीसरे आरोपी को जमानत मिलने के बाद छात्रा ने अदालत से छुट्टी लेकर किसी दूसरे शहर जाने की बात कही। अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता ने बार-बार अदालत का चक्कर लगाने से पढ़ाई में आ रही बाधा और अदालत में आरोपियों से सामना करने में हो रही परेशानियों का हवाला देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश होने का अनुरोध किया हालांकि अदालत ने फिलहाल कोई आदेश जारी नहीं किया। गुप्ता ने अदालत को बताया कि मामले की सुनवाई तेज गति से नहीं हो पा रही, जिससे छात्रा को बार-बार अदालत का चक्कर लगाना पड़ रहा है और इससे उसकी पढ़ाई बाधित हो रही है।

उन्होंने बताया कि साथ ही अदालत में आरोपियों का सामना करने में भी उसको असहजता का सामना करना पड़ रहा है। काशी हिंदू विश्विद्यालय के आईआईटी की छात्रा अपने दोस्त के साथ एक नवंबर 2023 की रात को छात्रावास से बाहर घूमने के लिए निकली थी। इसी दौरान बुलेट बाइक पर सवार तीन युवकों ने छात्रा और उसके दोस्त को रोक लिया था। आरोप है कि युवकों ने बंदूक दिखाकर छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बनाया। घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग को लेकर छात्रों ने सड़क पर उतर कर कई दिनों तक आंदोलन किया था।

## संभल में निषेधाज्ञा लागू, राहुल गांधी को यूपी गेट पर रोका जाएगा: गाजियाबाद पुलिस

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के संभल के लिये रवाना हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रास्ते में गाजियाबाद के यूपी गेट पर भी रोकने की तैयारी की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हम राहुल गांधी को संभल जाने की अनुमति नहीं देंगे क्योंकि वहां प्रशासन द्वारा निषेधाज्ञा लागू की गई है। पुलिस गांधी को यूपी गेट पर ही रोकेगी। उन्होंने बताया कि वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। राहुल अपनी बहन एवं वायनाड से सांसद प्रियंका वाद्रा के साथ संभल में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने के लिए संभल के लिए रवाना हुए हैं। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) संभल में 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। इसके साथ ही, संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक शनिवार को खत्म हो रही थी, उसे जिलाधिकारी ने बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया है।

## दिल्ली सरकार निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध से प्रभावित श्रमिकों को 8,000 रुपये का मुआवजा देगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण के कारण शहर में निर्माण संबंधी गतिविधियों पर लगे प्रतिबंध से प्रभावित 90,000 से अधिक पंजीकृत श्रमिकों में से प्रत्येक को 8,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तहत 18 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था। अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) आशीष चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की बैठक में लिया गया। यह कदम हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा एनसीआर राज्यों के



मुख्य सचिवों को दिए गए निर्देश के मद्देनजर उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि वे 5 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर बताएं कि प्रतिबंधों के कारण बिना काम के रह गए निर्माण श्रमिकों को कोई निर्वाह भत्ता दिया गया है या नहीं।

## संभल हिंसा के आरोपियों से मुलाकात कराने वाले जेलकर्मियों पर गिरी गाज

### मुरादाबाद के जेलर और डिप्टी जेलर सस्पेंड

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

संभल, उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों से विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रतिनिधिमंडल को मिलने की अनुमति देने और जेल मैनुअल का उल्लंघन करने के आरोप में दो जेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। महानिदेशक (जेल प्रशासन और सुधार सेवाएं) पीवी रामशास्त्री ने दोनों अधिकारियों की पहचान मुरादाबाद जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव और उनके डिप्टी प्रवीण सिंह के रूप में की। उन्होंने कहा कि जेल अधीक्षक पीपी सिंह के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी गई है क्योंकि वह ग्रुप ए अधिकारी हैं। रामशास्त्री ने



कहा कि उप महानिरीक्षक (जेल) कुंतल किशोर द्वारा जांच करने और मैनुअल का उल्लंघन पाए जाने के बाद कार्रवाई की गई।

पूर्व संसद सदस्य एसटी हसन, विधायक नवाब जान खान और चौधरी समरपाल सिंह सहित सपा प्रतिनिधिमंडल ने संभल हिंसा में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार 27 लोगों से मिलने के लिए मुरादाबाद जेल का दौरा किया। जेल दौरे का एक वीडियो वायरल हो गया. सपा नेताओं ने दावा किया कि आरोपियों की पिटाई की गई और उन्होंने कानूनी मदद का वादा किया। 19 नवंबर को संभल की सिविल कोर्ट में एक मुकदमा दायर किए जाने के कुछ दिनों बाद संभल में हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर की जगह पर बनाई गई थी। जिस दिन मुकदमा दायर किया गया था उसी दिन अदालत ने मस्जिद के फोटोग्राफिक और वीडियोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए एक अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त किया। आदेश एकपक्षीय पारित किया गया। मस्जिद प्रबंधन को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया और कुछ ही घंटों के भीतर सर्वेक्षण आयोजित किया गया। मस्जिद समिति को बमुश्किल छह घंटे के नोटिस के साथ पांच दिन बाद एक और सर्वेक्षण किया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने ग्रांड रोड में एक किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। जब राष्ट्रपति आम श्रद्धालु की तरह सड़क से जा रही थीं तो सैकड़ों लोग सड़क के दोनों ओर खड़े हो गए और उनका अभिवादन किया। मंदिर को कुछ समय के लिए आम लोगों के वास्ते बंद कर दिया गया ताकि राष्ट्रपति मंदिर के गर्भगृह में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन सुलभता से कर सकें। राष्ट्रपति के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा, पुरी के सांसद संबित पात्रा और अन्य लोग मौजूद थे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुर्मू ने कहा, मैंने भगवान से कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की साथ ही देश के लोगों के लिए भी प्रार्थना की तथा उनकी



खुशहाली की कामना की। वह मंदिर में करीब 30 मिनट रहीं। मंदिर पहुंचने पर श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति को दर्शन कराने वाले सेवादार राजरतन महापात्रा ने बताया कि उन्होंने गर्भगृह में मत्था टेका और आरती की। राष्ट्रपति ने मंदिर परिसर में मां बिमला और महा लक्ष्मी की भी पूजा-अर्चना की। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई। मंदिर से राष्ट्रपति मुर्मू शहर में एक अन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हो गईं।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर में पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार रात एक व्यक्ति ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर एक युवक के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह लहू लुहान होकर गिर पड़ा। गंभीर हालत में उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़ित के बड़े भाई ने आरोपियों के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के कमलापुर में रहने वाले मनीराम का कहना है कि मंगलवार रात करीब 9 बजे उसके पड़ोस में रहने वाले उसके सगे बहनोई सूबेदार और सूबेदार के दो बेटे बबलू व मुकेश ने पुरानी रंजिश को लेकर छोटे भाई नन्हे के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। साथ ही लात घूसों से पिटाई कर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे नन्हे के चेहरे व सिर पर गंभीर चोटें आई और वह लुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। बाद में गंभीर हालत में उसे एंबुलेंस के जरिये पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज जारी है। बिजनौर पुलिस मनीराम की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### जमीनी विवाद में मां-बेटे ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पदमिनखेड़ा गांव निवासी विद्या ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की दोपहर तीन बजे के करीब जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी सावित्री ने अपने बेटे शिवम सिंह के साथ मिलकर गाली-गालौज करते हुये उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मां-बेटे मौके से भाग निकले ।एसआई वीर बहादुर दूबे ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी मां-बेटे पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### बाग में लकड़ी तोड़ने गया युवक पेड़ से गिरा, मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम आग तपने के लिए अपनी बाग में लकड़ी तोड़ने गया युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिजनौर के नटकुर गांव में रहने वाले किसान चेतराम गौतम का अविवाहित बेटा गोविंद गौतम 24 वर्ष मंगलवार शाम आग तापने के लिए अपनी बाग में लकड़ी तोड़ने गया था। लकड़ी तोड़ने के दौरान वह पेड़ पर काफी ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन ट्रामा सेंटर में मंगलवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसका एक विवाहित बड़ा भाई और दो अविवाहित छोटी बहनें हैं। उसकी मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मुनाफे का लालच दे लाखों रुपए हड़पे

## दी जाति सूचक गाली, धमकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली मे एक युवक ने अपने परिचित पर शेयर मार्केट ट्रेडिंग मे मुनाफे का लालच दे लाखों रुपए लगवा हडपने के साथ जाति सूचक गालियां दे धमकी देने का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि राज गार्डेन पार्क आलमनगर लखनऊ निवासी महादेव प्रसाद पुत्र स्व० वावू लाल के अनुसार वह अनुसूचित जाति उपजाति धोवी समाज का है। उसके परिचित गोकुल ग्राम कालोनी मुन्नू खेडा पारा निवासी ओम प्रकाश यादव ने जुलाई माह 2023 में अपने लड़के रितविक के नाम से शेयर मार्केट ट्रेडिंग हिर्तिविक इण्टरप्राइजेज नाम की फर्म बनाकर पाठक विला बजरंग नगर कृष्णानगर लखनऊ में आफिस खोला और लोंगो से कम्पनी में पैसा लगवाना शुरू कर दिया। वही उनके द्वारा भी भिन्न तारीखों में कुछ नगद एप में एंव आनलाइन क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम्पनी में कुल छव्वीस लाख इकहत्तर हजार मात्र लगाया गया और उन्हें कम्पनी द्वारा माह अगस्त 2023 से जनवरी 2024 तक पैसा दिया गया तत्पश्चात फरवरी 2024 में पैसा देना बन्द कर दिया गया और आफिस का सारा सामान मेज कुर्सी इत्यादि हम लोगो को बगैर बताये सब सामान उठा ले गया और आफिस बन्द कर दिया जो कि किराये के मकान में था आफिस बन्द करने के बाद गोकुल ग्राम कालोनी मुन्नू खेडा पारा का मकान छोडकर गोमतीनगर रहने लगा इसके द्वारा ऐसा बताया गया इससे पैसा मागने पर धमकाता है और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करता है कहता है कि मैने दूसरी कम्पनी में आप लोंगो का पैसा 2.0 करोड रुपया लगा दिया है। वहा जब मिलेगा तभी दूंगा वहा से नही मिला तो किसी को भी नही दूंगा और सिम तोडकर फेक दूंगा और भाग जाऊँगा इसी तरह से आठ महीनो से टरका रहा है। और अब वर्तमान में यह भी कह दिया है। कि अब में कोई पैसा नही दूंगा जाइए ऋकफ लिखाव जाकर सभी थानों सरोजनीनगर, कृष्णानगर एसीपी डीसीपी मुख्यमंत्री सभी जगह मेरा सिस्टम है। कही भी ऋकफ नही लिखी जायेगी थाने वाले मेरा कुछ नहीं बिगाड पायेगें। आरोप है कि पीडित की अनुपस्थिति में आरोपित उसकी पत्नी के पास फोन कर 2-4 लाख रुपया उसकी कम्पनी में लगाने व दो साल भर में डेढ़ गुना पैसा देने को कहा है मना करने पर उन्हें जाति सूचक गालिया दे रहा है। वही पीडित का कहना था कि आरोपित ने 6 माह के अन्दर एक 14 लाख कीमत की चार पहिया गाडी सरोजनी नगर टाँस्पोर्टनगर में चौथी मंजिल पर 748 वर्ग फिट की शाप नं0 411 जिसकी कीमत 40.0 लाख । 3. आवास विकास के अन्तर्गत वसन्त कुंज योजना दुवग्गा में प्लाट खरीदा जिसकी कीमत 56.0 लाख इसके द्वारा बताया गया। इसके द्वारा 6 माह के अन्दर लगभग 5-6 करोड रुपया लोंगो द्वारा जमा कराया गया है। मूल रुप से यह देवपुर कुशीनगर किशुन देवपुर उ0प्र0 का रहने वाला है इसके द्वारा उसे छव्वीस लाख इकहत्तर हजार में से मात्र नगद रूप में व क्रेडिट कार्ड स्वेप करायी चार्जेज कटकर व लोन एटक काटकर व जो भी बैंक खाते में धनराशि ट्रान्सफर किया है कुल मिला कर 2.80 लाख मात्र दिया गया है। जिसके चलते पीडित ने घटना की शिकायत स्थानीय कृष्णा नगर थाने मे पुलिस से की है पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही है।

### दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र मे रहने वाली युवती संग दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना वायरल करने की धमकी देने के वांछित आरोपित को बुधवार को थाना क्षेत्र स्थित बरिगवां सब्जी मंडी के चबूतरे से गिरफ्तार किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ मे गिरफ्त मे आज आरोपित ने अपना परिचय मो0 तारिक पुत्र हफीजउल्लाह मूल ग्राम पोखर विरवा पो० खजुरी थाना धरम सिंहवा जिला संतकबीरनगर हाल पता गैलेक्सी टाकीज के पास गायत्री नगर रोड हजारिया ट्रांसफार्मर के पास भिवंडी महाराष्ट्र निवासी के रूप मे दिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने जबरन शारीरिक संबंध बना और अश्लील वीडियो बना वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगा नामजद शिकायत की थी ।पुलिस के अनुसार आरोपित को थाने मे दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# महाकुंभ के लिए तैयार हो रही 'खास पुस्तक'




### इतिहास से लेकर प्रयागराज के धार्मिक स्थलों की मिलेगी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। महाकुंभ 2025 की तैयारियां जोरों-शोरों पर चल रही हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग महाकुंभ को लेकर विशेष पुस्तक तैयार कर रहा है। पुस्तक में महाकुंभ के इतिहास से लेकर इसका आयोजन कहां-कहां पर और क्यों किया जाता है, इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही प्रयागराज के आस-पास पर्यटकों के घूमने के स्थानों के बारे में भी पुस्तक में सारी सूचनाएं दी जाएंगी।

महाकुंभ के आयोजन को लेकर राज्य सरकार के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने छह माह पहले ही अपनी तैयारियां शुरू कर दी थीं। पर्यटकों की सुविधा के लिए गाइडों, नाविकों, टैक्सी व रिक्शा चालकों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ विभाग की तरफ से ट्रैक सूट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

#### स्थानीय दुकानदारों से लेकर ढाबा संचालकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

टैक्सी, रिक्शा चालकों व नाविकों को एक रंग के ट्रैक सूट दिए जाएंगे। इसके अलावा गाइडों को अलग रंग के ट्रैक सूट दिए जाएंगे। विभाग ने स्थानीय दुकानदारों से लेकर रेस्टोरेंट व ढाबा संचालकों को पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया है।

#### महाकुंभ की पुस्तक में मिलेगी सारी जानकारी

महाकुंभ की तैयारियों में पर्यटन विभाग कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता है, इसलिए विभाग की तरफ से महाकुंभ को लेकर तैयार की जा रही विशेष पुस्तक में हेरीटेज वॉक, कल्पवृक्ष (परिजात), त्रिवेणी संगम, नागवासुकि मंदिर, छतनाग मुंशी बगीचा, द्रौपदी घाट, कल्याणी देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, गुरुद्वारा पक्की संगत, चक्र माधव मंदिर, स्वराज भवन, चित्रगुप्त मंदिर, दक्षिणामुखी हनुमान मंदिर, रूप गौड़ीय मठ, नवग्रह मंदिर, भारद्वाज आश्रम, भीष्म पितामह मंदिर, वेणी माधव मंदिर, दशाश्वमेघ मंदिर, अलोपी देवी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, पातालपुरी मंदिर, दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित शंकर विमान मंडपम सहित तमाम धार्मिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी।

#### राज्य सरकार 5 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर रही

पुस्तक में कुंभ की कथा व कुंभ काल के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। बता दें कि राज्य सरकार महाकुंभ के आयोजन पर 5435.68 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसके अलावा केंद्र सरकार 2100 रुपये खर्च कर रही है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



मृतक चीनी फाइल – फोटो

लखनऊ। ड्यूटी पर से वापस घर लौट रहे साइकिल सवार युवक को बाइक सवार युवको ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल अवस्था में युवक को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दुलारमऊ निवासी चीनी (33) रोज की तरह वह ड्यूटी करके मंगलवार शाम साइकिल से अपने घर लौट रहा था तभी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के केवलहार के पास तेज रफ्तार बाइक सवारो ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक उछलकर दूर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल अवस्था में युवक को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई तारिक ने बताया मृतक चीनी परिवार में इकलौता कमाने वाला था जिसके सहारे पूरे परिवार का खर्च चलता था। जिसको ईश्वर ने हमसे छीन लिया। मृतक के परिवार में भाई व बहन है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। वहीं परिजनों ने बुधवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के भाई तारिक बेग की तहरीर पर बाइक को कब्जे में लेकर बाइक चालक संदीप अमानीगंज व पीछे बैठे माल के गौरैय्या निवासी अनूप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# तिलक मे बुलेट बाइक न मिलने पर मारपीट, शादी से किया इंकार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।आलमबाग कोतवाली इलाके मे रहने वाली एक युवती के होने ससुरालियों ने सगाई के बाद तिलक मे बुलेट बाइक न मिलने पर युवती के परिजनों को मारपीट करने के साथ शादी से किया इंकार करने के साथ युवती के पिता को बेजत कर भगा दिया। घटना की शिकायत पीडित पिता ने स्थानीय थाने मे पुलिस से की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित आरती नगर गढ़ी कनौरा निवासी रामेश्वर लाल श्रीवास्तव पुत्र स्व० वीरबहादुर लाल श्रीवास्तव के अनुसार उनकी पुत्री लड़की रत्नप्रिया श्रीवास्तव का विवाह तेजी खेड़ा मानक नगर लखनऊ निवासी मयंक निगम पुत्र स्व० सुभाष चन्द्र निगम से तय हुआ था। उन्होंने अपनी पुत्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव की सगाई बीते 2 फरवरी 2023 को मयंक निगम के साथ कर दी थी और लड़की की सगाई में उन्होंने सोने की चैन तथा अंगूठी दी थी तथा विवाह में स्कूटी देने को कहा था ।सगाई के बाद उनका होने वाला दमाद मयंक निगम उनकी लड़की से मिलने उनके घर भी आता रहता था लेकिन विवाह की तिथि को निश्चित करने के लिए कहने पर कोई बहाना बताकर तिथि को बढ़ाते रहते थे। आरोप है कि उनके होने वाले दमाद मयंक एवं उसके घरवाले सगाई मे पतली चैन तथा हल्की अंगूठी देने से नाराज थे जिस कारण हमने दोबारा भारी अंगूठी बनवाकर दी थी किन्तु इसके बाद मयंक निगम एवं उसके परिवार वाले बुलेट मोटर साइकिल की मांग करने के साथ बुलेट गाड़ी की मांग पर अड गए बुलेट गाड़ी मिलने पर शादी करेंगे वरना शादी नहीं करेगें। वही पीडित पिता का कहना था कि उनकी लड़की का तिलक 25 नवंबर 2024 तथा विवाह 4 दिसम्बर 24 की तारीख तय हुई थी। जिसके चलते सारे कार्ड भी छप गये है जब वह 25 नवंबर 2024 को तिलक लेकर लड़के वालों के घर गये तो बुलेट मोटर साइकिल न लाने के कारण लड़के वाले ने तिलक करने से मना कर दिया और गाली गलौज मारपीट करने के साथ बेइज्जती कर भगा दिया। जिसके चलते उन्होंने बेटी के होने वाले ससुरालियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# किसानो पर लाठी चार्ज के विरोध में भाकियू ने कोतवाली में किया प्रदर्शन

(नोएडा में प्रदर्शन के दौरान किसानो पर लाठी चार्ज कर जेल भेजे जाने से नाराज भाकियू टिकैत गुट ने कोतवाली में जोरदार धरना प्रदर्शन)



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।नोएडा में किसानों पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज और गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं ने बुधवार को मोहनलालगंज कोतवाली में जोरदार धरना प्रदर्शन किया ।किसान नेताओ को एसीपी रजनीश वर्मा ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वो गिरफ्तारी देने पर अड़े रहे, देर शाम जिलाध्यक्ष समेत किसान नेताओ को पुलिस ने बसो में बिठाकर ईको गार्डेन धरना स्थल भेजा ।किसान नेताओ को जेल से रिहा किये जाने के बाद भाकियू ने धरना समाप्त किया ।भाकियू जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा ने बताया कि नोएडा की घटना ने किसानों को आहत किया है। उन्होंने कहा, "किसानों पर इस तरह का दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों को तत्काल रिहा करने के साथ दर्ज किए गए मुकदमे तुरंत वापस लेने के साथ ही उनकी मांगो को पूरा किया जाये। अन्यथा यह आंदोलन पूरे प्रदेश में विकराल रूप लेगा ।जिलाध्यक्ष ने एसीपी रजनीश वर्मा को ज्ञापन भी सौंपा ।किसानो का प्रदर्शन शांतिपूर्ण कराने के लिये एसीपी रजनीश वर्मा, निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी, उपनिरीक्षक वीर बहादुर दुबे समेत भारी पुलिस बल के साथ मुश्तैद रहे ।प्रदर्शन में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, मध्याचंल उपाध्यक्ष दिलराज सिंह, मंडल महासचिव अमरीश फौजी, जिला सचिव अनिल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष (युवा) के के सिंह, तहसील अध्यक्ष रामानंद रावत, ब्लाक अध्यक्ष रामप्रताप समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# प्लाट बुकिंग के नाम पर कस्टमर से लाखो रुपये हड़पे, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से पुरानी पुलिस कालोनी थाना छावनी जनपद कानपुर नगर निवासी फुन्दन सिंह पुत्र रामलाल के अनुसार पीडित द्वारा एडोब हाइट प्रा० लि० द्वारा दरोगाखेड़ा थाना बंथरा जनपद लखनऊ में विकसित किये जाने वाले रिहायशी प्रोजेक्ट पारस अनमोल ग्रीन सिटी में एक 2400 वगार्कार का प्लाट था तथा जिसकी मुल्य 17 लाख रुपये बताया गया था, खरीदने के लिए उनके द्वारा अधिकृत कृष्णा नगर स्थित आफिस में नियुक्त कमीयी नीरज पुत्री रामप्रसाद निवासी ग्राम भोली थाना भरथना जिला इटावा व अंशुल कुमार तथा आरती शुक्ला द्वारा बताया गया कि उक्त प्लाट को पहले बुक करने हेतु 5 लाख रुपये आपको जमा करने होगे फिर जब आपके पास पूरे रुपये हो जाये तब आप रुपये देकर रजिस्ट्री करा सकते हैं। जिस पर पीडित ने बीते 22 अप्रैल 18 को आफिस में 2 लाख रुपये नगद आफिस में जमा कर दिया जिसकी रसीद आफिस द्वारा उसको दी गयी कुछ समय बाद प्रार्थी के पास आरती शुक्ला द्वारा फोन किया गया कि आप शीघ्र ही बाकी का रुपया दे दे तो प्लाट का आवंटन आप को कर दिया जाये तो प्रार्थी ने आने की असमर्थता दिखाई तो दो दिन बाद आरती शुक्ला व उसकी सहकर्मी नीरज ने मेरे घर कानपुर आकर शेष एक लाख रुपये कैश मेरी पत्नी से लिए और किसी प्रकार की रशीद नही दिया जिसपर प्रार्थी द्वारा उक्त लोगो को रुपये दिये जाते समय प्रार्थी द्वारा एक तस्वीर खीची गयी थी। प्रार्थी द्वारा उक्त प्लाट के बचे 12 लाख रुपयों की व्यवस्था कर जब उक्त नीरज, आरती, तथा अंशूल से सम्पर्क किया गया कि अब मेरे प्लाट की रजिस्ट्री करा दीजिये जिस पर उक्त तीनों लोगो के द्वारा बताया गया की शीघ्र ही कम्पनी में अपनी सारी कागजी कार्यवाही करा कर आपकी रजिस्ट्री करा दी जायेगी इस प्रकार उक्त लोगो के द्वारा लगभग 06 माह तक न तो मेरी रजिस्ट्री ही कराई गयी और न ही मेरा रुपया ही मुझको वापस किया गया। जिस पर प्रार्थी पुनः उनके आफिस पहुँचा तो उक्त लोग सभी आफिस में उपस्थित मिले जिनके द्वारा बताया गया कि अब उक्त प्रोजेक्ट के सभी प्लाट बिक गये है तथा उनके द्वारा फोन से एडोब हाइट प्रा० लि० के मैनेजर से मेरी बात करायी गयी जिनके द्वारा मुझे बताया गया कि अब उक्त प्रोजेक्ट में कोई प्लाट खाली नहीं है जिस कारण आपकी रजिस्ट्री नहीं की जा सकती आपका रुपया वापस कर दिया जायेगा, जिस पर आरती शुक्ला द्वारा मुझको 3,25,000 का चेक दिया गया, तथा शेष रुपया दो माह बाद देने के लिए कहा गया ।तीन माह के बाद भी उक्त लोगो के द्वारा मेरा शेष रुपया नही दिया गया तो प्रार्थी के द्वारा जब उक्त चेक बैंक में विड्राल करने हेतु लगाया गया तो उक्त चेक पर्याप्त राशि न होने के कारण बाउन्स हो गया उक्त सारी घटनाओ की जानकारी जब मेरे द्वारा उक्त लोगों की दी गई तो उक्त लोगो के द्वारा शीघ्र ही मेरे सारे रुपये देने का आश्वाशन दिया गया धीरे धीरे काफी समय बीत जाने के बाद भी उक्त लोगो ने मेरे रुपये नहीं दिये और जब मैंने उक्त लोगो पर रुपये देने का दबाब बनाया तो आरती शुक्ला द्वारा मुझे धमकी दी गई की दुबारा रुपये लेने लखनऊ आये तो तुमको बलात्कार के मुकदमे में फसा दूगी ये रुपये यह समझ के भूल जायो की मैने तुम पर मुकदमा न लिखाने के लिए रंगदारी के रुप में ले लिये है, अगर अब दुबारा रुपये मांगे या कहीं शिकायत की तो 5 लाख रुपये फीर तैयार रखना मुझे देने के लिए नहीं तो मैं तुम पर बलात्कार का मुकदमा लिखा दूंगी। जिसके चलते भयग्रस्त हो पीडित ने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही है।

# एक दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक किसान मेला एवं जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी रामचंद्र प्रधान। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ सीडीओ अजय जैन द्वारा कृषकों को रासायनिक उर्वरकों का कम प्रयोग एवं प्राकृतिक/ जैविक खेती करने हेतु जानकारी दी गई कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार दुबे अध्यक्ष/ प्रधान वैज्ञानिक केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान जेल रोड लखनऊ द्वारा कृषकों को ऊसर भूमियों में या जिसका पी एच मान अधिक हो, उसमें फसल एवं फलदार वृक्षों को उगाकर अपनी आमदनी को कैसे बढ़ाया जा सके के बारे में बताया गया। उप कृषि निदेशक लखनऊ अनिल कुमार यादव द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों को कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी एवं वैज्ञानिकों व अधिकारियों द्वारा बताई जा रही कृषि तकनीकी को अपनाने की जरूरत है साथ ही अपने उत्पादों में वैल्यू एडीशन पर चर्चा की गई। डॉ पीएस ओझा सलाहकार जैव विकास बोर्ड द्वारा कृषकों को एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। आर के सिंह अपर कृषि निदेशक प्रसार द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने एवं सोलर पंप लगाकर सिंचाई की सुनिश्चित व्यवस्था कर कृषि लागत को कम करने पर चर्चा की गई। तथा जनपद में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली किसान पाठशालाओं का शुभारंभ किया गया। ये पाठशालाएं 20 दिसंबर तक चलेंगी। बलराम वर्मा ने कृषकों को कृषि विविधीकरण को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। डॉ संजय अरोड़ा प्रधान वैज्ञानिक द्वारा मृदा प्रबंधन के संबंध में बताया गया। इस मौके पर डॉ अनूप कुमार दीक्षित, डॉ महेश चौहान, डॉ रमेश कुमार, डॉ ए के दुबे अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ सुरेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी महेश चंद्र, मोहन लाल, संगीता कटियार, राहुल कुमार, सुरेश राजपूत सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ौहां निवासी राहुल (20) अपने घर से बाहर टहलने निकला था। वहीं घर में सभी लोग लेट गए थे। बुधवार शाम करीब 9 बजे राहुल घर के बाहर बनी दुकान में रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली इस बीच परिजनों ने राहुल को फंदे पर लटका देख चीखने चिल्लाने लगे। जिसकी आवाज सुनकर सभी लोग एकत्रित हो गए और उसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दौरान पुलिस ने मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल की भी जांच कर रही है। वहीं लोगों में चर्चा थी कि प्रेम प्रसंग में युवक ने फांसी लगाई है। चार साल पहले मृतक के एक और भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

मृतक के परिवार में मां सुशीला, भाई बुद्धा, कमलेश, छोटा प्रदीप करन और तीन बहनें है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया से प्रेम प्रसंग आत्महत्या की वजह है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दुकान में फंदे से लटककर युवक ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ौहां निवासी राहुल (20) अपने घर से बाहर टहलने निकला था। वहीं घर में सभी लोग लेट गए थे। बुधवार शाम करीब 9 बजे राहुल घर के बाहर बनी दुकान में रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली इस बीच परिजनों ने राहुल को फंदे पर लटका देख चीखने चिल्लाने लगे। जिसकी आवाज सुनकर सभी लोग एकत्रित हो गए और उसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दौरान पुलिस ने मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल की भी जांच पड़ताल कर रही है। वहीं लोगों में चर्चा थी कि प्रेम प्रसंग में युवक ने फांसी लगाई है। चार साल पहले मृतक के एक और भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के परिवार में मां सुशीला, भाई बुद्धा, कमलेश, छोटा, प्रदीप, करन और तीन बहनें है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया से प्रेम प्रसंग आत्महत्या की वजह है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### कथा व्यास ने अपनी अमृत वाणी से भक्तो को कराया रसपान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आज तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अंकुर दीक्षित जी ने बहुत ही सुंदर कथा प्रसंगों का रसपान अपनी अमृतवाणी द्वारा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तिगणों को कराया। उन्होंने आज परीक्षित जी को श्राप की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा परीक्षित को श्राप शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि ने दिया था। राजा परीक्षित, शमीक ऋषि से पानी मांगने गए थे, लेकिन ऋषि ध्यान में थे. राजा परीक्षित ने अपना अपमान समझा और गुस्से में आकर ऋषि के गले में मरा हुआ सांप डाल दिया। जब श्रृंगी ऋषि को इस बात का पता चला, तो उन्होंने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि सात दिनों के अंदर नागराज तक्षक के काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। श्राप मिलने के बाद राजा परीक्षित ने अपना समय वेद व्यास के पुत्र शुकदेव का प्रवचन सुनने में बिताया। यही प्रवचन आगे चलकर भागवत पुराण के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

राजा परीक्षित, पांडवों के वंशधर और अभिमन्यू के पुत्र थे. भगवान श्रीकृष्ण ने उतरा के गर्भ में उनकी ब्रहस्त्र से रक्षा की थी। इसी के साथ मनु शतरूपा का प्रसंग सृष्टि का विस्तार आदि अनेक प्रसंग बहुत ही रोचक ढंग से सुनाए। इस मौके पर काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### जेठानी ने देवरानी के 5 माह की बच्ची को पटक कर उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। थाना माखी क्षेत्र के एक गांव में देवरानी-जेठानी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान विवाद के बीच मासूम बच्ची आ गई। गुस्से में आकर जेठानी ने देवरानी की 5 माह की मासूम बेटी को उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माखी थाना क्षेत्र के रऊ करना गांव निवासी पवन कुशवाहा की पत्नी संगीता बुधवार को घर पर थी। जेठानी सुनीता से किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और दोनों में मारपीट होने लगी। मारपीट देख 5 माह की मासूम बच्ची रोने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर जेठानी सुनीता गुस्सा हो गई और उसे उठाकर जमीन में पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मां संगीता बदहवास हो गई। घर के परिजन दौड़े और घटना की जानकारी माखी थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की और मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संगीता की बहन ने मोर्चरी हाउस में बताया कि संगीता की शादी 12 साल पहले पवन के साथ हुई थी। पवन मुंबई में वाहन चालक है। पांच बेटियां थीं, जिसमें जेठानी ने एक को पटककर मार डाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

# घर में घुसे बदमाश से भिड़ा गृहस्वामी तमंचे की बट से बदमाश ने किया घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद चौकी क्षेत्र के मोहल्ला आनंदी टोला में रात के अंधेरे में एक चोरी की वारदात को अंजाम देने आए बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसमें घर स्वामी को चोटें आईं, लेकिन बदमाश फायरिंग करते हुए भागने में सफल हो गए। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और बदमाशों की तलाश जारी है। गंजमुरादाबाद कस्बे के मोहल्ला आनंदी टोला के निवासी रामनरेश उर्फ बबलू पुत्र इंदल सामान्य गृहस्थी वाले व्यक्ति हैं, रोज की तरह अपने घर में पत्नी राधा, पुत्री पूजा और बेटे अजय के साथ सो रहे थे। रात करीब दो बजे घर के पीछे से कुछ बदमाश घर की छत पर चढ़े और अंदर दाखिल हो गए। बदमाशों ने कमरे में घुसकर एक बक्सा चुराने की कोशिश की। इस दौरान घर के अंदर सो रही बहू प्रीती को खटपट की आवाज सुनाई दी, जिससे वह जाग गई और उसने शोर मचाया। जैसे ही बहू प्रीती ने शोर मचाया, बक्शा लेकर एक बदमाश छत पर पहुंचने में सफल हुआ। इसी दौरान घर स्वामी रामनरेश उर्फ बबलू जाग गए और वह बदमाश से भिड़ गए। इस संघर्ष में एक बदमाश ने बबलू को तमंचे की बट से मारा, जिससे वह घायल हो गए। बदमाश ने फिर फायरिंग की और घर से बाहर निकलने में सफल हो गए। हालांकि, बबलू ने हार नहीं मानी और बदमाशों के पीछे दौड़ पड़े। खेतों की ओर भागते हुए बदमाशों ने बक्सा छोड़ दिया और फायरिंग करते हुए भागने में भलाई समझी। इस दौरान बदमाशों ने दो हवाई फायर किए, जिससे लोग भयभीत हो गए, लेकिन वह फरार होने में सफल रहे। घटना के बाद बबलू ने पुलिस को सूचना दी, और पीआरवी और चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और बदमाशों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने की कोशिश की। बबलू के अनुसार, बदमाशों की छीना-झपटी में एक चप्पल और एक हाथ घड़ी उसके घर में गिर गई, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने दो कारतूस के खोके भी बरामद किए हैं, जो घटनास्थल से मिले हैं। इस वारदात के बाद इलाके में भय और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। स्थानीय लोग चिंतित हैं और वे पुलिस से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए आस-पास के क्षेत्रों में छानबीन तेज कर दी है, और उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है।

# मांगलिक कार्यक्रम में लीकेज सिलेंडर से लगी आग, मची अफरा-तफरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर फोरलेन स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में मंगलवार रात मांगलिक कार्यक्रम के दौरान लीकेज सिलेंडर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग पंडाल तक जा पहुंची। जिससे पंडाल धू धू कर जलने लगा। यह देख कार्यक्रम में मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन के सीएफओ और अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचे इससे पहले गेस्ट हाउस के स्टाफ ने सेट फायर से आग पर काबू पाया। राजधानी मार्ग आजाद नगर के सामने स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में मंगलवार रात कमर्शियल लीकेज सिलेंडर से मिठाई को गर्म करने का काम किया जा रहा था। सिलेंडर लीकेज होने के कारण उसमें आग लग गई। यह देख मौजूद गेस्ट हाउस स्टाफ में हड़कंप मच गया और सभी शोर मचाते हुए बाहर की ओर भागे। कुछ ही देर में आग की लपटे गेस्ट हाउस के पर्दों पर जा पहुंची और पर्दे धू-धू कर जलने लगे। आग देख मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों में अफरा तफरी मच गई। सभी बाहर की ओर भागने लगे इसकी जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान गेस्ट हाउस के स्टाफ ने सेट फायर से आग बुझाने का प्रयास किया। इसके साथ ही गेस्ट हाउस के बगल में रहने वाले मनोज यादव के घर की छत से जल रही आग पर पानी डाला गया। आग की सूचना पर अग्निशमन के सीओ अनूप कुमार और अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव मौके पर पहुंचे उनके पहुंचने से पहले गेस्ट हाउस कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। वहीं आग बुझाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान सीओ अनूप कुमार ने बताया-गेस्ट हाउस में लीकेज सिलेंडर से आग लगी थी किसी भी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई है। गेस्ट हाउस के पर्दे जिले हैं, स्थितियां सामान्य है।

# भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। तहसील परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) टिकैत गुट के कार्यकताओं ने बैठक आयोजित किया। इस बैठक का आयोजन रामबली कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। किसान नेताओं ने समाधान की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी को दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सफीपुर तहसील में किसान नेताओं ने गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों की दुर्दशा को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सामुदायिक शौचालयों में नियुक्त केयरटेकर सफाई का काम ठीक से नहीं कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीणों को प्रदान किए गए व्यक्तिगत शौचालयों को मानकों के विपरीत और घटिया गुणवत्ता का बताया। उनका कहना था कि शौचालय खराब निर्माण के कारण टूट गए हैं, जिससे ग्रामीण इनका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं किसानों की बैठक में राशन वितरण में गड़बड़ी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने कोटेदारों पर राशन में घट-तौली करने और लाभार्थियों को उनके हिस्से का पूरा राशन न देने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने मांग की कि राशन लेने के बाद लाभार्थियों को अंगूठा लगाने के बाद पर्ची दी जाए ताकि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी हो सके। किसान नेताओं ने गांवों में बढ़ती आवारा गौवंश की समस्या पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आवारा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि इन गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए। किसान नेता रामबली कुशवाहा ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपना कर धरना प्रदर्शन करेगा। इस बैठक में बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसपी ने थाने का किया निरीक्षण, मची अफरा-तफरी

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने मंगलवार रात सफीपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी के थाने में पहुंचते ही पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि यह निरीक्षण अचानक हुआ था और अधिकारियों को इसकी पूर्व सूचना नहीं थी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने की सफाई, अपराधों की समीक्षा और पुलिसकर्मियों की कार्यशैली को लेकर कड़ी टिप्पणियां की, जिससे थाने में काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले एसपी ने थाना परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि थाने में सफाई की स्थिति ठीक नहीं थी और इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि थाना परिसर में जल्द से जल्द सफाई की जाए और इसे बेहतर रखा जाए, ताकि थाने की छवि सुधरी और आम जनता को भी बेहतर अनुभव हो। इसके बाद, एसपी ने अपराधों की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें कुछ मामलों में लापरवाही का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से सफीपुर थाना के इंस्पेक्टर श्याम नारायण यादव की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए। एसपी ने अपराधों के निराकरण और प्राथमिकी दर्ज करने में हो रही लापरवाही को लेकर इंस्पेक्टर को कड़ी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को कंट्रोल करना प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी दीपक भूकर ने इंस्पेक्टर श्याम नारायण यादव को अल्टीमेटम देते हुए उनकी कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से नहीं लेते हैं तो इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें थाने के अंदर कोई भी ऐसी लापरवाही या भ्रष्टाचार नहीं चाहिए, जनता के विश्वास को कमजोर करे। निरीक्षण के दौरान एसपी के साथ सीओ माया रॉय भी मौजूद थीं। सीओ माया रॉय ने भी एसपी के निदेर्शों का पालन करने की बात कही और थाने में अपराध नियंत्रण को लेकर अपने योगदान की बात की। बताया कि आगामी दिनों में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए लगातार निरीक्षण किए जाएंगे और अधिकारियों से फीडबैक लिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुल्लाहनगर मजरा पतारी गांव स्थित ननिहाल में रहने वाले युवक का बुधवार को घर के कमरे में पंखे पर फंदे से शव लटका मिला। शव देख परिजन बेहाल हो उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच दौरान एक सुसाइड नोट बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बीघापुर थाना क्षेत्र के भोगैता गांव के रहने वाले मिथुन (28) की मां रानी और पिता राधेलाल की बचपन में मौत हो गई थी। तब से मिथुन और उसकी विवाहित बहन सुमन सदर कोतवाली क्षेत्र के मुल्लाहनगर मजरा पतारी गांव निवासी नाना कल्लू और नानी नन्ही के साथ घर पर करीब पच्चीस सालों से रहता था। नाना के साथ ही खेती कर जीवन यापन करता था। मिथुन की सात फरवरी को शादी तय हुई थी। बुधवार को उसके घर पर दिखाई न देने पर नाना व नानी ने खोजबीन की। तब घर के कमरे में पंखे पर फंदे से मिथुन का शव लटका देख होश उड़ गए। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मामा लाला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की जांच दौरान एक सुसाइड नोट भी मिल, जिसमें उसने लिखा था कि परिवार को परेशान न करें। खुद से फांसी लगा रहा हूं। सारा खर्च का हिसाब भी लिखा है। पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है।

# गंगानदी में 97 हजार छोड़े गए मछली के बच्चे

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड भारत सरकार द्वारा शत प्रतिशत पोषित रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत गंगा नदी में मत्स्य संपदा के संरक्षण और पुनर्निर्माण के उद्देश्य से 97 हजार मछलियों के बच्चे (फिंगरलिंग) छोड़े गए। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन मिश्रा कॉलोनी स्थित शिवपंडा घाट पर किया गया, जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मत्स्य बाल किशोर दुबे, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येन्द्र कुमार निषाद, और अन्य लोग मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान 97 हजार मछलियों के बच्चे पैकेटों में पैक किए गए थे, जिन्हें विधिवत रूप से गंगा में छोड़ा गया। इस अवसर पर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि यह कदम न केवल गंगा की स्वच्छता के लिए अहम है, बल्कि इससे मछुआ समाज को भी लाभ होगा, क्योंकि यह मत्स्य पालन को बढ़ावा देने में सहायक होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बाल किशोर दुबे ने इस मौके पर बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों मिलकर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गंगा नदी में मछलियों के बच्चे छोड़ने से नदी में जल जीवन की गुणवत्ता बढ़ेगी और साथ ही मछली पालन में भी वृद्धि होगी। इससे न केवल मछुआरों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि गंगा नदी की पारिस्थितिकी में भी सुधार आएगा। इस कार्यक्रम के तहत छोड़े गए मछलियों के बच्चे भारतीय मेजर कार्प प्रजाति के थे, जिनमें रोहू, कतला और नैक मछलियां शामिल हैं। यह प्रजातियां गंगा नदी में प्राकृतिक रूप से पाई जाती हैं, और इनका संरक्षण न केवल जलवायु के संतुलन को बनाए रखने में मदद करेगा, बल्कि मछली पालन के लिए एक स्थिर स्रोत भी सुनिश्चित करेगा। इस कदम से गंगा नदी के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने में मदद मिलेगी, क्योंकि मछलियों का संरक्षण जल निकायों में बायोडायवर्सिटी को बनाए रखने के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना की और इसके माध्यम से मछुआ समाज को मिलने वाले लाभों पर जोर दिया। इसके साथ ही सरकार का उद्देश्य है कि गंगा नदी में जल जीवन के विकास को बढ़ावा दिया जाए, जिससे न केवल पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा, बल्कि गंगा की स्वच्छता भी बनी रहेगी। इससे जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह पहल गंगा के पुनरुद्धार और स्वच्छता मिशन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राष्ट्रपति संबोधित थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। किसान यूनियन के पदधिकारियो ने गौतमबुद्ध नगर में पुलिस द्वारा किसानो द्वारा किये जा रहे शांतिपूर्ण धरने में लाठीचार्ज कर किसान नेताओ को जेल में डालने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी बिहार को सौंपा गया। थाना बिहार में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बीघापुर इकाई के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह देवारा के नेतृत्त्व में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्रा को सौंपा गया। ज्ञापन में गौतमबुद्ध नगर में किसानों द्वारा किये जा रहे शांतिपूर्ण धरने में पुलिस द्वारा जबरन लाठीचार्ज कर किसान नेताओ को जेल में डालने के विरोध में रोष प्रकट किया गया था। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष राजेश सिंह, अजय बाजपेयी, राजेन्द्र चौधरी, बीरेंद्र सिंह, शिवम राम प्रकाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# जनशिकायतों के संतुष्टिपरक निस्तारण हेतु जनपद उन्नाव को प्रदेश में मिली प्रथम रैंक

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनशिकायतों के संतुष्टिपरक निस्तारण हेतु जनसंवाद जैसे नवाचार तथा सभी विभागीय अधिकारियों के अथक प्रयासों से जनपद उन्नाव को प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकानाएं दी गयीं। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लें तथा उनका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि जनपद उन्नाव अनवरत प्रथम रैंक पर रहे। ईडीएम ब्रजेश सिंह द्वारा जानकारी दी गयी कि माह नवम्बर में जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर कुल 6504 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिनमें से 91.72 प्रतिशत शिकायतों का समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण किया गया। उन्नाव जनपद जनशिकायतों के संतुष्टिपरक निस्तारण करने में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। आईजीआरएस पोर्टल की मूल्यांकन रिपोर्ट में जनपद उन्नाव को पूर्णांक 130 में से 125 अंक प्राप्त हुए, जो 96.15 प्रतिशत है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के लखनऊ रोड चौराहे के पास एक व्यक्ति पड़ा मिला। जिसे सीएचसी में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हरदोई जनपद क्षेत्र निवासी बलराम के रूप में हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदोई जनपद के माधौगंज क्षेत्र के ग्राम सेलापुर निवासी 40 वर्षीय बलराम पुत्र मोतीलाल पंजाब के लुधियाना में रहकर मजदूरी करता था। चार दिन पूर्व वह लुधियाना से घर के निकला था लेकिन घर नहीं पहुंचा। स्वजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। बुधवार सुबह बलराम बांगरमऊ नगर के लखनऊ रोड चौराहे के पास मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस को इसके पास से एक मोबाइल भी मिला जिसके आधार पर पुलिस ने स्वजन से संपर्क कर उन्हे घटना की जानकारी दी। दिवंगत की पत्नी लक्ष्मी लगभग 10 वर्ष पहले उसे छोड़कर जा

# सब इंस्पेक्टर ने बढ़ाया जनपद पुलिस का मान , युवा सोच अवार्ड से हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। युवा सोच आर्मी द्वारा नॉएडा में जी एन आई ओ टी ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूशन्स सभागार में आयोजित स्पीकर टॉक एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि धीरेंद्र सिंह विधायक - जेवर द्वारा जनपद उन्नाव में तैनात पुलिस कंट्रोल रूम एवं 112- आर .ओ .आई .पी. प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र और सम्मान पत्र भेंट कर युवा सोच अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। सबइंस्पेक्टर अनूप मिश्रा को यह अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने, वृक्षारोपण और समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया। युवाओं से जुड़े मुद्दों पर आयोजित स्पीकर टॉक में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को मोटीवशनल स्पीच के जरिये कैरियर में सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताते हुए कहा कि , अनुशासित जीवन ,कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्पित होकर बड़ी से बड़ी कामयाबी को हासिल किया जा सकता है।

अन्य वक्ताओं में डा. संजय कुमार अग्रवाल , नवरत्न अग्रवाल, प्रवीन कुमार पैरा ओलम्पिक गोल्ड-मेडलिस्ट, स्वीटी उपाध्याय असिस्टेंट कमिश्नर इंडस्ट्री नोएडा, अंशुमान सिंह, कार्तिक गोस्वामी जी महाराज, डॉ अमित माहेश्वरी , आशीष कुमार अग्रवाल ने अपने जीवन की कहानी बता कर संघर्षों से बदलाव लाने के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम आयोजक और युवा सोच आर्मी के संस्थापक रोहित कुमार जोगी ने बताया कि देश की जिन जानी मानी हस्तियों को युवा सोच अवार्ड से सम्मानित किया गया उनके प्रेरणादायक व्यक्तित्व और संबोधन से से युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरणा मिली। इस अवसर पर सह-संस्थापक इशिता शर्मा, संस्थापक सदस्य शिवानी अग्रवाल, कोऑर्डिनेटर आस्था गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विधायक निधि से अधिवक्ताओं के लिए बन रहे टीनशेड में घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। तहसील परिसर में सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर की निधि से अधिवक्ताओं के बैठने के लिए बनाए जा रहे टीन शेड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानकों का उल्लंघन सामने आया है। तहसील अधिवक्ताओं ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री के इस्तेमाल और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है, जिससे उनके बीच आक्रोश व्याप्त है। मामले को गंभीर मानते हुए बार एसोसिएशन ने निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अधिवक्ताओं के शिकायत पत्र पर कार्रवाई करते हुए एसोसिएशन ने जेई मुकेश कुमार से शिकायत दर्ज कराई और निर्माण की जांच की मांग की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं होगा, इसे दोबारा शुरू नहीं होने दिया जाएगा। तहसील अधिवक्ताओं ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि सरकारी निधि से हो रहे कार्यों में अनियमितताएं किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। घटिया निर्माण सामग्री और ठेकेदार की मनमानी पर स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण ठेकेदार बेधड़क होकर नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने स्वतंत्र जांच समिति के गठन की मांग की है, ताकि निर्माण में हो रही अनियमितताएं का खुलासा हो सके। साथ ही उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

# किसान मेला एवं प्रदर्शनी का विधायक ने फीता काट किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। ब्लाक परिसर में कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करके विधायक श्रीकान्त कटियार ने सरसों की किट वितरित की।

किसानो को सम्बोधित करते हुए श्रीकान्त कटियार ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसानों का उत्थान व विकास भाजपा सरकार कर रही है। किसान अन्नदाता ही नहीं बल्कि भारत का भाग्य विधाता भी है। सरकार अनुदान पर सोलर पम्प, कृषि यंत्र, इंजन, बीज उपलब्ध करा रही है। सरकार का केवल एक ही उद्देश्य है वह है किसानो की आमदनी को दोगुना करना। किसान सम्मान निधि योजना से केवल उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे है। प्रतिवर्ष सरकार फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी करके किसानों की आय बढ़ाने में सहयोग कर रही है।

इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी निशासगर विश्वकर्मा, कृषि बीज भण्डार प्रभारी दीप सिंह, सचिव रोहित सिंह, आशीष सिंह सहित किसान उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# 2030 तक एड्समुक्त भारत कठिन चुनौती

सरकार की ओर से व्यापक स्तर पर जागरूकता और स्वास्थ्य कार्यक्रम का असर है कि देश में एड्स से जुड़ी मौतों में 79 प्रतिशत की कमी आई है, और नए मामले 44 फीसदी घटे हैं। विश्व एड्स दिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने वर्ष 2030 तक एड्स के खात्मे के यूएन के सतत विकास लक्ष्य के प्रति भारत की तेज प्रगति का ब्योरा दिया है। नब्बे के दशक से भारत सरकार एचआईवी/एड्स के खतरों व बचाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूएन एड्स की पहल पर वर्ष 1988 से एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, इस दिन इस बीमारी के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाई जाती है। भारत शुरू से एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम में शामिल है। इस बार इंदौर में एड्स दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस बार की थीम 'टेक द राइट पाथ, माई हेल्थ माई राइट' है, इस थीम पर आगे बढ़ते हुए संयुक्त राष्ट्र की ओर से वर्ष 2030 तक एड्स को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया गया है, हालांकि समाज में खासकर महानगरों में यौन संबंधों को लेकर खुलापन आने, मल्टीपार्टनर कल्चर पनपने, ड्रग्स के अधिक प्रयोग व टैटू कल्चर में वृद्धि से एचआईवी के खतरे बढ़े ही हैं। ऐसे में लक्ष्य मुश्किल लग रहा है, वर्ष 2030 तक एड्स मुक्त भारत कठिन चुनौती होगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अभी देश में करीब 17.30 लाख लोग एड्स के साथ जी रहे हैं। यूएन लक्ष्य पाने के लिए भारत सरकार जांच और चिकित्सा के नवीन उपाय अपनाएगी, '95-95-95' के फॉर्मूले पर चलेगी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 2017 को पूरी तरह लागू करेगी। '95-95-95' फॉर्मूले का मतलब है देश के 95 प्रतिशत मरीजों को पता होना चाहिए कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 95 प्रतिशत मरीजों को इलाज मिलना चाहिए और एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी की दवाओं के जरिये 95 प्रतिशत मरीजों का 'वायरल लोड' घटाया जाना चाहिए। फिलहाल देश के 81 प्रतिशत मरीजों को पता है कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 88 प्रतिशत मरीजों का इलाज किया जा रहा है और 97 प्रतिशत मरीजों का वायरल लोड घटाया जा चुका है। 0.70 प्रतिशत वैश्विक आबादी में एड्स का प्रसार है, जबकि भारत में यह 0.20 फीसदी के स्तर पर है। एड्स के खिलाफ लम्बी लड़ाई के बाद इस बीमारी के खिलाफ देश में मजबूत चिकित्सा तंत्र विकसित किया गया है, संक्रमितों को एड्स की दवा मुफ्त में दी जा रही है और किसी मरीज के एचआईवी संक्रमित पाए जाते ही उसे दवा देने का प्रावधान किया है। आज भारतीय दवा कंपनियां अफ्रीका, दक्षिण अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को एड्स की सबसे सस्ती और प्रभावी दवाओं की आपूर्ति कर रही हैं। शुरू में एस संक्रमण से बचाव के लिए कोई खास दवा नहीं थी। आज बहुत सारी दवाएं हैं, जिनसे पीड़ितों को मदद मिलती है। फिर भी बचाव सबसे सुरक्षित दवा है। फैशन में चल रहे शरीर पर टैटू (गोदना) बनवाते वक्त एहतियात बरतें, मल्टी पार्टनर यौन संबंध से परहेज करें, प्रोटेक्शन का प्रयोग करें, रक्त के प्रयोग में सावधानी रखें, इन उपायों से इस संक्रमण से बचा जा सकता है। आज विश्व एड्स दिवस पर इससे बचाव के प्रति संकल्पित होना जरूरी है। साथ ही एड्स के साथ जी रहे लोगों के प्रति संवेदनशील रवैया अख्तियार करते हुए उनके मानवाधिकारों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा भी करनी चाहिए। एचआईवी को लेकर टैबू और भ्रांतियां भी समाप्त होने चाहिए। एड्स मुक्त भारत बड़ी उपलब्धि होगी।

## दिवस विशेष

योगेश कुमार गोयल



# देश में नासूर बन रहा प्रदूषण का बढ़ता स्तर

प्रदूषण को लेकर उद्योगों को जागरूक करने तथा लोगों में प्रदूषण और इसके खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 2 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का मूल उद्देश्य देश में प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों की आवश्यकता की ओर बहुत ज्यादा ध्यान देने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। वास्तव में यह दिन 1984 की उस भयानक गैस त्रासदी की घटना के कारण पीड़ित हुए लोगों के निर्दोष जीवन को याद करने के लिए चिह्नित किया गया है, जिसमें हजारों लोग भोपाल की यूसीआईएल फैक्टरी से मिथाइल गैस के हुए रिसाव के कारण मौत की नींद सो गए थे। इस दिन विशेष रूप से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है तथा देश में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों के बारे में भी लोगों को बताया जाता है। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को प्रदूषण को रोकने में मददगार विभिन्न कानूनों के बारे में लोगों को अधिकाधिक जागरूक करना है। हालांकि औद्योगिक प्रदूषण की जांच के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एनपीसीबी) बनाया हुआ है, जो यह जांच करता है कि उद्योगों ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन किया है या नहीं लेकिन इसके बावजूद देश में औद्योगिक प्रदूषण को लेकर आज भी स्थिति कितनी विकराल है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। कल-कारखानों एवं फैक्टरियों से निर्बाध रूप से निकलने वाले कार्बन उत्सर्जन वायु प्रदूषण के स्तर को दिनों-दिन बढ़ा रहे हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियां दुनिया के सामने खड़ी हो रही हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण के लिए दुनियाभर के देश वैश्विक उपाय कर रहे हैं लेकिन ये उपाय अभी तक नाकाफी ही साबित हो रहे हैं। घातक विकिरणों से धरती की सुरक्षा करती ओजोन परत में छेद के लिए वायु प्रदूषण को ही जिम्मेदार माना जाता है। भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार वायु प्रदूषण विश्वभर में प्रतिवर्ष करीब सत्तर लाख लोगों की मौत का कारण बन रहा है। आंकड़ों के अनुसार स्थिति इतनी खराब है कि वायु में मौजूद प्रदूषक हवा के जरिये सीधे शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों, मस्तिष्क तथा हृदय को नुकसान पहुंचाते हैं और दस में से नौ लोगों को सांस लेने के लिए शुद्ध हवा भी नहीं मिलती। भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। प्रदूषण अब इस कदर नासूर बनता जा रहा है कि पिछले कुछ समय से इस मामले में बार-बार देश की सर्वोच्च अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। खासकर दिल्ली एनसीआर के बढ़ते प्रदूषण स्तर पर तो सुप्रीम कोर्ट कई बार कड़ी नाराजगी जताते हुए कड़े निर्देश दे चुका है लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। हालांकि वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा करीब डेढ़ महीने से दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रैप के तहत कार्रवाई की जा रही है और अभी भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू हैं किन्तु इसके बावजूद वायु प्रदूषण पर लगाम कसने में सफलता नहीं मिल रही। विश्व बैंक द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनियाभर में करीब चार अरब लोग खाना पकाने के लिए आज भी लकड़ी, कोयला, केरोसिन ऑयल, गोबर इत्यादि ऐसे ईंधन पर निर्भर हैं, जो बड़ी मात्रा में प्रदूषण फैलाते हैं और इनका गंभीर असर पर्यावरण के साथ-साथ खाना पकाने वालों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। हेल्थ इफेक्ट इंस्टीच्यूट द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक बाहर तथा घर के अंदर लंबे समय तक वायु प्रदूषण के सम्पर्क में रहने के कारण स्ट्रोक, दिल का दौरा, डायबिटीज, फेफड़ों का कैंसर तथा जन्म के समय होने वाली बीमारियों इत्यादि की चपेट में आकर अब हर साल भारत में कई लाख लोगों की मौत हो रही है। वर्ष 2010 के बाद से पांच करोड़ से अधिक लोग घर के अंदर वायु प्रदूषण से पीड़ित हुए हैं। बच्चों पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को लेकर तो दुनियाभर में अनेक शोध किए जा चुके हैं



**दो टूक**

प्रभात कुमार रॉय

> बांग्लादेश में आजकल जो हुकूमत सत्तासीन है, उसका उदारवादी चेहरा भले ही नोबेल पीस प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस हैं, किंतु सत्ता की वास्तविक कमान जमात ए इस्लामिया और बांग्लादेश के इस्लामी फौजी हुक्मरानों के हाथों में है। जिस दिन से शेख हसीना सत्ता से बेदखल की गई हैं और बांग्लादेश की राजसत्ता इस्लामी कट्टरपंथियों के हाथों में आई गई है, उसी रोज से ही नृशंस कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर, उनके मंदिरों पर, उनके मकानों पर और उनके कारखानों पर निरंतर नृशंस आक्रमण किए जा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस की कथित अंतरिम सरकार दुर्दांत कट्टरपंथी हमलावरों पर कोई भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में एकदम नाकामयाब सिद्ध हुई है।

# बांग्लादेश में महफ़ूज़ नहीं हिन्दू

बांग्लादेश में शेख हसीना को हुकूमत से बेदखल किए हुए तकरीबन एक सौ ग्यारह दिन बीत चुके हैं। बांग्लादेश की अंतिम सरकार का नेतृत्व नोबेल पीस प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथ में सौंपा गया, जिन्हें अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार मनोनीत किया गया। 25 सितंबर को मोहम्मद यूनुस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम 'क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव' में शिरकत करने के लिए अपने स्पेशल असिस्टेंट महफ़ूज़ आलम के साथ अमेरिका पधारे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से मोहम्मद यूनुस द्वारा महफूज आलम का बाकायदा परिचय कराया गया। महफ़ूज़ आलम वही शख्स है, जोकि शेख हसीना की हुकूमत के विरुद्ध छात्रों द्वारा संचालित किए गए आंदोलन का सर्वोच्च लीडर रहा था। महफ़ूज़ आलम को बांग्लादेश की अंतरिम हुकूमत में स्पेशल सेक्रेटरी का उच्च प्रशासनिक ओहदा प्रदान किया गया है। महफ़ूज़ आलम वस्तुत वर्ष 2015-16 में ढाका यूनिवर्सिटी में कानून विभाग का छात्र रहा था। सरकारी नौकरियों में अवामी लीग से संबंधितों को आरक्षण प्रदान किए जाने के विरुद्ध प्रारंभ किए गए ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों के जबरदस्त अभियान का महफ़ूज़ आलम लीडर रहा। इस बात का दावा पेश किया जा रहा है कि महफूज आलम एक आतंकवादी इस्लामी तंजीम हिजबुल तहरीर से जुड़ा शख्स है। इस सनसनीखेज दावे के विरुद्ध महबूब आलम ने बयान दिया कि वह आतंकवादी हिजबुल तहरीर से नहीं बल्कि इस्लामी छात्र शिबिर से जुड़ा हुआ छात्र नेता है। उल्लेखनीय है कि इस्लामी छात्र शिविर वस्तुतः बांग्लादेश में कट्टरपंथी जमात ए इस्लामिया का छात्र संगठन रहा है। बांग्लादेश में आतंकवादी तंजीम हिजबुल तहरीर भी जमाते इस्लामी का एक आतंकवादी मिलिटेंट विंग रहा है। सर्वविदित है कि शेख हसीना हुकूमत का तख्ता पलटने के पीछे कट्टरपंथी जमात ए इस्लामिया का स्पष्ट तौर पर सीधा हाथ रहा। बांग्लादेश में आजकल जो हुकूमत सत्तासीन है, उसका उदारवादी चेहरा भले ही नोबेल पीस प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस हैं, किंतु सत्ता की वास्तविक कमान जमात ए इस्लामिया और बांग्लादेश के इस्लामी फौजी हुक्मरानों के हाथों में है। जिस दिन से शेख हसीना सत्ता से बेदखल की गई हैं और बांग्लादेश की राजसत्ता इस्लामी कट्टरपंथियों के हाथों में आई गई है, उसी रोज से ही नृशंस कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर, उनके मंदिरों पर, उनके मठों पर, उनकी दुकानों पर, उनके मकानों पर और उनके कारखानों पर निरंतर नृशंस आक्रमण किए जा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस की कथित अंतरिम सरकार दुर्दांत कट्टरपंथी हमलावरों पर कोई भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में एकदम नाकामयाब सिद्ध हुई है। बांग्लादेश में इस्कॉन से संबंधित संत चिन्मय कृष्ण दास को हाल ही में देशद्रोह के आरोप में जेल भेज दिया गया। 8 साल के चिन्मय कृष्ण दास के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया। चिन्मय कृष्णदास पर इल्जाम आयद किया गया कि 25 अक्टूबर को चटगांव के न्यू मार्केट इलाके में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का उनके द्वारा अपमान किया गया। हिंदू-बौद्ध-क्रिश्चियन एकता परिषद के नेता राणा दासगुप्ता का



दावा है कि चिन्मय कृष्ण दास के ऊपर एकदम झूठा केस आयद किया गया है। चिन्मय कृष्णदास की जमानत को अदालत द्वारा तब खारिज कर दिया गया, जब उनकी समर्थक उत्तेजित भीड़ के कुछ लोगों द्वारा असिस्टेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटर सैफुल इस्लाम अलिफ़ का कत्ल कर दिया गया। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर भारत के विदेश मंत्रालय ने एक सख्त बयान जारी कर कहा कि चिन्मय कृष्णदास बांग्लादेश में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता हैं, उनकी गिरफ्तारी और जमानत नामंजूर करने पर हम गहरी चिंता जाहिर करते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के बयान में बांग्लादेश की हुकूमत से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की हिफाजत को सुनिश्चित करने की अपील भी की गई है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भी इस्कॉन से जुड़े चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी पर एक बयान जारी किया। इस बयान में कहा गया कि बेहद निराशाजनक और गहरी पीड़ा की बात है कि चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी को भारत सरकार ने गलत तरीके से पेश किया है, क्योंकि चिन्मय कृष्णदास को विशेष आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस तरह भारत के बेबुनियाद कूटनीतिक बयानों से दोनों पड़ोसी देशों के मध्य दोस्ती और आपसी समझदारी की भावना का हनन हो रहा है। उपरोक्त तथ्यों से एकदम स्पष्ट हो जाता है कि बांग्लादेश और भारत के मध्य कूटनीतिक कटुता किस कदर और किस हद तक बढ़ चुकी है। यहां तक कूटनीतिक रिश्ते ध्वस्त हो जाने के कगार तक आ गए हैं। दूसरी तरफ पाकिस्तान और बांग्लादेश के मध्य यूनुस सरकार के सत्तासीन होने के बाद नजदीकियां निरंतर बढ़ती जा रही हैं। यह सब बांग्लादेश हुकूमत पर जमात ए इस्लामी तंजीम का निर्णायक प्रभाव स्थापित हो जाने का सीधा नतीजा है। सन् 1971 में बांग्लादेश के निर्माण के तत्पश्चात विगत हफ्ते पहली दफा पाकिस्तान से बांग्लादेश का समुद्री संपर्क प्रारंभ हुआ है। पाकिस्तान का एक मालवाहक जहाज कराची के तट से चलकर बांग्लादेश के दक्षिण पूर्व तट पर स्थित चटगांव बंदरगाह जा पहुंचा। इससे पहले बांग्लादेश और पाकिस्तान के मध्य समुद्री व्यापार सिंगापुर अथवा कोलंबो के माध्यम से होता था। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी बांग्लादेश के नागरिकों के लिए वीजा हासिल करने की प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है। उल्लेखनीय है कि जनरल जिया उल हक़ के शासनकाल के दौर से ही कट्टरपंथी जमात ए इस्लामिया का निर्णायक प्रभाव पाकिस्तान की हुकूमत पर और उसकी फौज पर स्थापित हो चुका था। इसी कारण से पाकिस्तान वस्तुतः नृशंस वैश्विक जिहादियों को प्रश्रय और परवरिश प्रदान करने वाला सबसे अहम मुल्क निर्मित हुआ। फौजी डिक्टेटर जिया उर रहमान ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का निर्माण किया, जिनकी हत्या के बाद उनकी पार्टी का नेतृत्व बेगम खालिदा जिया ने संभाला और सत्तासीन रही। बेगम खालिदा जिया को परास्त करके ही शेख हसीना बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी और लंबे दौर तक उन्होंने बांग्लादेश की राजसत्ता को शक्तिशाली तौर पर संभाला। अब बांग्लादेश की राजसत्ता वस्तुतः इस्लामिक कट्टरपंथियों के हाथों में आ गई है जोकि जालिमाना तौर पर अल्पसंख्यकों का जिंदगानियां ठीक उसी तरह दुश्वार कर रहे हैं, जिस तरह कभी पाकिस्तान में इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा यही सब किया गया था। बांग्लादेश में आजकल 17 करोड़ आबादी है जिसमें तकरीबन आठ फीसदी हिंदू हैं। यदि बांग्लादेश की अल्पसंख्यक आबादी पर इसी तरह के जालिमाना जुल्म ओ सितम जारी रहे और हुकूमत ए बांग्लादेश इस तरह से मूकदर्शक बनी रही, तो फिर बांग्लादेश में भी हिंदुओं का क़ायम बना रहना, उसी तरह नामुमकिन हो जाएगा जिस तरह कभी पाकिस्तान में हुआ था।

# असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं




संकलित

**दर्शन**

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं।

# जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित

**प्रेरणा**

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लड़कियों का एनसीसी में प्रवेश समय की जरूरत

बीते रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में युवाओं को एनसीसी में प्रवेश करने का आह्वान किया। इस दिन एनसीसी दिवस मनाया गया। नवंबर के हर चौथे सोमवार को एनसीसी दिवस मनाया जाता है। जानकर बताते हैं कि वर्ष 1946 में एनसीसी की स्थापना हुई थी और लगभग दो वर्ष बाद वर्ष 1948 में राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग में देशभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व और निस्वार्थ, एकता की भावना को जागृत करना और बढ़ाना भी है। यही नहीं, इसका मुख्य लक्ष्य युवाओं को सेना में कैरियर बनाने के लिए तैयार करना भी है। बहुत से युवा एनसीसी ज्वाइन करके अपने कैरियर के सपनों को पूरा भी कर रहे हैं।

*- रचना त्यागी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# सोरेन ने आलू से लदे वाहनों को रोकने पर लिया संज्ञान

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की पश्चिम बंगाल से लगी सीमा पर आलू से लदे वाहनों को 'रोके जाने' का रविवार को संज्ञान लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाहनों को रोके जाने से राज्य में आलू की आपूर्ति प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को तत्काल प्रभाव से मामले से निपटने का निर्देश दिया। पश्चिम बंगाल के आलू व्यापारियों के एक संगठन के अनुसार, पश्चिम बंगाल सरकार ने आलू का भंडार बनाए रखने और राज्य में आलू की कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए बृहस्पतिवार से आलू की अंतरराज्यीय आपूर्ति पर कथित रूप से प्रतिबंध लगा दिया है।



## ऑफ बीट

# आंखों में संक्रमण हो जाए तो क्या करें

सबसे आम नेत्र संक्रमण, जैसे कि 'कंजक्टिवाइटिस' आमतौर पर दृष्टि को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और बिना उपचार के ठीक हो जाते हैं।



'कंजक्टिवाइटिस' एक सामान्य स्थिति है जिसमें आपकी आंख का सफेद भाग गुलाबी या लाल हो जाता है। कंजक्टिवाइटिस पीड़ित लोगों की आंखों में जलन होती है और पानी निकलता है। ठंडी, साफ पट्टी का इस्तेमाल करने और पलकों पर जमी पपड़ी को धीरे से पोंछने से आपकी आंखों को ठीक होने में मदद मिलती है। 'बैक्टीरियल कंजक्टिवाइटिस' दूसरा सबसे आम रोग है। इसमें गाढ़ा पीला या हरा स्राव होने की आशंका अधिक होती है जो पलकों पर जम सकता है।

## ट्रेंड

### स्वयंसेवकों की भी जिम्मेदारी



समाज में अब जागरुकता आई है, एड्स के खिलाफ़ समाज ने लंबी लड़ाई लड़ी है। एड्स से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख ज़िम्मेदारी है ही, इसके साथ ही सामाजिक जनों और स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की भी बड़ी ज़िम्मेदारी तय होती है।

**-जेपी नड्डा, अध्यक्ष, भाजपा**

### भारत की जीडीपी ग्रोथ



भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट दो साल में सबसे नीचे 5.4% पर आ गई है। अर्थव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती जब तक इसका फायदा सिर्फ़गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा हो और किसान, मज़दूर, आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हों।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### दिल्ली से क्राइम रोकिए



अमित शाह जी, मुझे रोकने से क्या होगा, दिल्ली से क्राइम रोकिए। क्या मुझे रोकने से दिल्ली में अपराध कम हो जाएगा? क्या दिल्ली में खुलेआम शूट-आउट होने बंद हो जाएंगे? क्या दिल्ली की महिलाएं, व्यापारी सुरक्षित हो जाएंगे?

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली**

### पत्रकारों की जिम्मेदारी



मनुष्यता और धरती को बचाने के लिए व्यावसायिक पत्रकारों की नैतिक जिम्मेदारी पहले से बहुत ज्यादा है। याद रहे कि कई तरह के दबावों, प्रलोभनों और खतरों के बीच निर्भीक, निष्पक्ष, स्वतन्त्र और सच्ची पत्रकारिता कर पाना आपकी धर्म-परीक्षा है।

**-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता**

संक्षेप

## अमरोहा में 8 पुलिसकर्मी सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक महिला और एक पुरुष दरोगा सहित आठ पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड पुलिस कर्मियों में एक महिला दरोगा, एक पुरुष दरोगा और दो हेड कांस्टेबल, चार सिपाही शामिल हैं। सभी पुलिस कर्मियों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने, मनमानी करने का आरोप है। उक्त पुलिस कर्मियों के इस कृत्य की जब एसपी को भनक लगी तो उन्होंने सभी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। उधर एसपी द्वारा की गई इस सख्त कार्यवाही से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह द्वारा सोमवार को जारी की गई निलंबित पुलिस कर्मियों की सूची के मुताबिक दरोगा परविंदर मलिक, महिला दरोगा विजेता तोमर, हेड कांस्टेबल नीरज, संदीप और कांस्टेबल विनोद कुमार, आदित्य पुंडीर, विजय और अखिलेश का नाम शामिल है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह जिले में कानून व्यवस्था और लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखने के लिए काफी सतर्क है। हाल ही में एसपी ने पांच थाना प्रभारी सहित कई चौकी इंचार्ज का तबादला किया था, जबकि एक दिन पहले ही 116 सिपाहियों को इधर से उधर किया था। उधर आज एसपी द्वारा आठ पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## चौकीदार को पीटने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ के गालंद इलाके में निमार्णाधीन फैक्ट्री से तांबा चोरी करने वाले गिरोह के 5 बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। ये बदमाश 29 अगस्त को पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर तांबा लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इनके पास से तीन तमंचे, कारतूस, दो चाकू और एक बाइक बरामद की है। 29 अगस्त को गालंद गांव के पास निमार्णाधीन फैक्ट्री में बदमाशों ने धावा बोलकर गार्ड लल्लन चौरसिया को मारपीट कर एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद 100 किलोवाट ट्रांसफार्मर के अंदर का लाखों रुपए का तांबा चुरा ले गए। घटना के बाद पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि पुलिस टीम हिम्मतनगर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पांच संदिग्ध लोग आते दिखे। जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के निवासी इरशाद इकबाल, जानू उर्फ जान मोहम्मद, मोहम्मद फुरकान और शहजाद शामिल हैं। ये सभी विद्युत उपकरण और तार चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं। इन बदमाशों के खिलाफ हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में विद्युत उपकरण चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे डेढ़ दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनसे अन्य घटनाओं की जानकारी जुटा रही है।

# डीहा में आयोजित हुआ विकास खंड स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड चित्तौरा के डीहा में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. संदीप कुमार के दिशा निर्देशन में सम्पन्न कराया गया।

केंद्र के बैज्ञानिक डा. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पूसा डी कंपोजर एक बायोएंजाइम है. ये कैप्सूल के रूप में किसान इसका उपयोग कर सकते है।

इन कैप्सूल से बना घोल धान की पराली को सड़ा सकता है. इतना ही नहीं इस डी कंपोजर के जरिए जैविक खाद का भी उत्पादन किया जा सकता हैं। जो मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बढ़ाता है।

इसके प्रयोग से किसानों को पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि इससे बने घोल का छिड़काव करके उसे मिट्टी में मिला दिया जाता है।

डा. अरुण कुमार राजभर ने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी और जीव-जंतुओं को कई तरह के नुकसान होते हैं। पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी की उर्वरक क्षमता कम हो जाती है। इससे मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीव-जंतु खत्म हो जाते हैं पराली जलाने से मिट्टी में अनुपजाऊ तत्व सक्रिय हो जाते हैं।

साथ हि पराली जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है, जिससे मिट्टी की जैविक संरचना पर बुरा असर पड़ता है। पराली जलाने से कार्बनडाइऑक्साइड, कार्बनमोनो ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड, और मीथेन जैसी गैसें निकलती हैं।

जो वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं इससे आस-पास के इलाके में धुंध आती है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। पराली जलाने से आस-पास की फसलों और आबादी में आग लगने का खतरा रहता है।

पराली जलाने से सांस लेने में तकलीफ, एलर्जी, और आंखों में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। किसानों में प्रमुख रूप से बब्लू, अमित, राहुल, आरती, राम कुमार, सरजू प्रसाद, उपेन्द्र, संगीता, फूलमती, रामदेवी, मीना, पुष्पा देवी, संगीता, सुनीता आदि किसान शामिल उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा में आयोजित होगा प्रशिक्षण, कृषक गोष्ठी एवं मेला



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. दिनेश चौधरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 अन्तर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद में औद्यानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा, बहराइच में 06 व 07 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि कार्य से सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रदर्शनी/स्टाल भी लगाये जायेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला के अवसर पर शाकभाजी, मसाला एवं पुष्प फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने हेतु 06 दिसम्बर 2024 को प्रशिक्षण तथा 07 दिसम्बर 2024 को कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

# तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर हुई निबंध प्रतियोगिता

### स्थान पाने वाले प्रतिभागी को मिला शील्ड

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। श्री राम प्यारे इंटर कालेज में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कायार्शाला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तम्बाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन बुधवार को बाबागंज के श्री राम प्यारे इंटर कालेज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के डा0वीरेन्द्र कुमार, दमयंती देवी, गौरव तिवारी, प्रियंका वर्मा आदि ने छात्र छात्राओं को तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दे कर सेवन से बचने का संकल्प दिलाया। चौराहे- स्कूल, सार्वजनिक स्थल पर तम्बाकू सेवन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देश दिए। इस विषय पर 11/12 के छात्र-छात्राओं से निबंध प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा, प्रियांशी कुमारी, द्वितीय स्थान पाने वाली छात्रा आकांक्षा कशौंधन को शील्ड व प्रमाण पत्र दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रावेंद्र शर्मा, शिक्षक अरविंद कुमार, संतोष वर्मा, रेशमा खातून, राजू भार्गव आदि ने विचार रखे।

# अमेठी में क्षतिग्रस्त पुल से नीचे गिरा ट्रैक्टर

- चालक की मौत, मिट्टी लेकर जाते समय हादसा, लंबे समय से टूटा है पुल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में आज तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। मिट्टी लेकर जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त पुल से नीचे गिर गई, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना सौना मोड़ के पास की है। भाले निहालगढ़ सैदापट्टी गांव के निवासी कन्हैया लाल चौहान (28) पुत्र सुंदर लाल ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी लेकर पास के बरसंडा ग्राम सभा में बन रही पेट्रोल टंकी पर जा रहे थे। सुबह करीब चार बजे उनका ट्रैक्टर सौना मोड़ पर अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त पुल से नीचे गिर गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से कन्हैया की मौके पर ही मौत हो गई। कन्हैया की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की दो बेटियां हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह पुल लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। इसकी मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस पुल पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। ?कमरौली थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# परीक्षा केंद्र दूर होने से अपनी फरियाद लेकर छात्राएं पहुंची डीएम ऑफिस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज की कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं ने यूपी बोर्ड के परीक्षा केंद्रों को लेकर गंभीर समस्या उठाई। छात्राओं ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित डीएम दफ्तर पहुंचकर अपनी समस्याओं को जिले के एसडीएम के सामने रखा। उनका मुख्य आरोप था कि उन्हें परीक्षा देने के लिए 10 किलोमीटर दूर स्थित परीक्षा केंद्र पर भेजा जा रहा है, जो उनके लिए बहुत ही मुश्किल भरा अनुभव साबित हो रहा है। छात्राओं नेहा, पूनम, शालिनी, सावित्री, सुनैना, रश्मि आदि का कहना था कि उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के रास्ते में बहुत सी कठिनाइयां आती हैं। खासकर, बारिश और बाढ़ के दौरान रास्ते की स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है, जिससे उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में भारी समस्या होती है। कई छात्राओं ने यह भी बताया कि इन कठिन परिस्थितियों में उनका समय बर्बाद हो जाता है और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में उनका आत्मविश्वास भी घट जाता है। छात्राओं का यह भी कहना था कि हर बार उन्हें इन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए और परीक्षा केंद्र को स्थायी रूप से उनके इलाके के पास रखा जाए। छात्राओं ने यह भी बताया कि इस बार की तरह पिछले वर्षों में भी उन्हें परीक्षा केंद्रों के लिए दूर-दूर भेजा गया था, जिससे उनकी पढ़ाई और मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ा। करीब आधा सैकड़ा छात्राएं डी एम दफ्तर पहुंची और एसडीएम को अपनी समस्याएं सुनाईं। छात्राओं का कहना था कि बोर्ड परीक्षा की तिथि नजदीक है और अगर इस बार भी उन्हें दूर-दूर परीक्षा केंद्र भेजा गया तो उन्हें परीक्षा देने में बहुत दिक्कतें आएंगी। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि एक स्थायी और पास में केंद्र तय किया जाए, जिससे उन्हें परीक्षा में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम दफ्तर में यह मामला सुने जाने के बाद, प्रशासन ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लिया और छात्राओं के प्रस्ताव पर विचार करने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने छात्राओं से कहा कि वे अपनी शिकायतों को लिखित रूप से संबंधित अधिकारियों को सौंप दें, ताकि इस पर उचित कार्रवाई की जा सके। छात्राओं ने प्रशासन से अनुरोध किया कि परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था उनके इलाके के पास ही की जाए, जिससे उन्हें परीक्षा में ज्यादा परेशानी न हो। उनका मानना था कि अगर केंद्र पास में होगा तो वे मानसिक रूप से भी ज्यादा तैयार रहेंगे और परीक्षा में अच्छे अंक ला सकेंगी।

# तालाब किनारे मिला किसान का शव



- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, खेत में बना था तालाब

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा के बबेरू में बीते दिनों किसान का शव तालाब किनारे मिला था। जहां पर मृतक के किसान के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में किसान की पानी में डूबने से मौत हुई है। आपको बता दे की पूरा मामला बांदा के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पतवन गांव निवासी किसान विनोद सिंह 28 नवंबर से अपने घर से लापता था। 30 नवंबर की सुबह उनका शव खेत में बने तालाब में पानी के अंदर मिला था। चेहरे पर नुकीले घाव थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव का पोस्टमॉर्टम कराया था। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया था। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने की वजह से मौत हुई है। वहीं पुलिस की माने तो किसान नशे का आदी था और किसान को दिखाई कम देता था। जिसकी वजह से वह चश्मे का प्रयोग करता था। बताया जा रहा है की घटना के समय उसका चश्मा गिर जाने से उसे दिखाई न दिया होगा। जिसके चलते वह तालाब में गिर गया और उसकी मौत हो गई।

# एसडीएम का पेशकार रिश्वत लेते गिरफ्तार

### सुल्तानपुर में एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा, जमीन के स्टे के लिए मांगे थे 5 हजार रुपए

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में जयसिंहपुर एसडीएम के पेशकार को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। टीम आरोपी पेशकार को गोसाईंगंज थाने लेकर पहुंची है जहां विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामला जमीन के स्टे से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि पेशकार समरजीत पाल स्थागन आदेश कराने के लिए एक शिकायतकर्ता से ज्यादा पैसा मांग रहे थे। इस पर पीड़ित ने एंटी करप्शन में शिकायत की थी।

जानकारी के अनुसार जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के पारसपट्टी गांव निवासी अल्लादीन का एसडीएम कोर्ट पर काफी दिनों से जमीन बंटवारे का मुकदमा चल रहा है। मुकदमे में स्टे दिलाने के लिए पेशकार समरजीत पाल रिश्वत की मांग कर रहे थे। इसकी शिकायत अल्लादीन ने एंटी करप्शन टीम से की थी। शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम अयोध्या ने जाल बिछाया और जयसिंहपुर तहसील के पास से उसे रंगे हाथ गिरफ्तार किया। टीम उसे लेकर के गोसाईंगंज थाने पर पहुंची है जहां विधिक कार्रवाई चल रही है। इस बाबत एसडीएम जयसिंहपुर ने बताया मामला संज्ञान में है। आरोपी के निलंबन की कार्रवाई चल रही है।

# हापुड़ में जहर खाने से युवक की मौत

## पिता से प्लॉट के रुपये को लेकर चल रहा था विवाद

अमन लेखनी समाचार





हापुड़, हापुड़ कोतवाली देहात इलाके के गांव ददायरा में एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फूलगढ़ी मोहल्ले के निवासी इसरार के परिवार से जुड़ी घटना सामने आई है। इसरार की बेटी सोनी का निकाह 6 साल पहले ददायरा गांव के फरमान से हुआ था। बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों से फरमान और इसरार के पिता के बीच प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा था। फरमान पिछले डेढ़ साल से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ फूलगढ़ी मोहल्ला में इसरार के साथ रह रहा था। कुछ दिन पहले, फरमान के पिता ने ददायरा गांव में 150 वर्गगज का प्लॉट बेच दिया था, जिसकी जानकारी होने पर फरमान ने अपने हिस्से का पैसा मांगा। आरोप है कि प्लॉट को लेकर पिता और पुत्र के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद फरमान ने अत्यधिक तनाव के कारण जहरीला पदार्थ खा लिया। सोनी ने बताया कि इस विवाद के कारण फरमान आहत था और उसने आत्मघाती कदम उठाया। फरमान के परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है और पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है। मामला बहुत ही संवेदनशील है और पुलिस द्वारा जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल

### हसनपुर में बोलेरो ट्रक की जोरदार टक्कर, कार्रवाई में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, रात को अमरोहा जनपद के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गंगा एक्सप्रेसवे के समीप गांव मंगरौला के पास भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद्र नागर की बोलेरो ट्रक से टकरा गई। हादसे में भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल हो गए। ईश्वर चंद्र नागर गजरोला से पार्टी की मीटिंग में भाग लेकर अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद उन्हें कोतवाली पुलिस ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक पाई गई। डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ के निजी अस्पताल रेफर कर दिया, और वह आईसीयू में भर्ती हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने ट्रक और बोलेरो को कब्जे में ले लिया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और दुर्घटना की जांच की जा रही है। भा.ज.पा. नेता के घायल होने के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका पर चिंता जताई है, खासकर घने कोहरे के मौसम में। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर युवक की मौत

### साथी घायल, दिल्ली से बाइक से जा रहे थे आजमगढ़, डिवाइडर से टकराए

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर को बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दूसरा युवक घायल हुआ है, जिसे यूपीडा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिठला भेजा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना सुल्तानपुर में बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी 97.8 पर हुई है। यहां बाइक सवार दो युवक दिल्ली से आजमगढ़ जा रहे थे। दोनों जब किमी 97.8 पर पहुंचे तो अचानक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना यूपीडा को दी। यूपीडा कर्मियों ने दोनों युवकों को एम्बुलेंस से पिठला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान आकाश पुत्र अजीत निवासी मायापूरी रेलवे लाइन साऊथ वेस्ट नई दिल्ली के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान आजमगढ़ निवासी विकास पुत्र विजय चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम में भेजकर परिजनों को सूचना दिया है। थानाध्यक्ष बल्दीराय धीरज कुमार ने बताया मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सुल्तानपुर में खुले में फेंके गोवंश के शव

### कुत्ते-कौवे नोचकर खा रहे, गौ-रक्षा वाहिनी ने 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में सरकारी गौशाला पर मर रहे गोवंश न सिर्फ खुले में फेंके जा रहे हैं, बल्कि वो कुत्तों और कौओं को निवाला बन रहे हैं। लंभुआ तहसील क्षेत्र के शिवगढ़ में मृत गोवंशो का एक वीडियो सामने आया है, जहां गोवंश के शव खुले मैदान में फेंके गए हैं और उन्हें कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे हैं। शिवगढ़ में जिस तरह दर्जनों मृत गोवंश के शव को खुले मैदान में फेंका गया उससे साफ हो गया है कि पशु विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला पंचायतराज विभाग सहित सभी विभागों के जिम्मेदार सरकार को बदनाम करने में कोशिश में लगे हैं। इसको संज्ञान में लेकर राष्ट्रीय गौ-रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने 48 घंटे के अंदर ऐसा करने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन अगर समय रहते ऐसे कृत्य करने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं करता तो प्रदेश भर में एक विशाल आंदोलन चलाया जाएगा। गौवंश संरक्षण के लिए योगी सरकार के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सुरक्षा, चिकित्सा और उनके खाने में हरे चारे भूसे की कमी न होने पाएं इसके लिए समय-समय पर गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ की जिला इकाई को निगरानी करने की लिए जिम्मेदारी सौंपी है। गोवंश की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 7 दिसंबर से 14 दिसंबर तक अभियान चला कर संरक्षित करने को कहा है।

उधर एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि हमारी ग्राम सभा में प्रधान द्वारा चारे का पूरा पैसा खा लिया जा रहा है और गाय तड़प-तड़प कर मर रही हैं। मरने के बाद खुले में फेक दिया जा रहा है, जिससे पूरा प्रदूषण व्याप्त है।

## संक्षेप

### मेरठ में प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षी का रेस्क्यू

**पेट्स शॉप पर बेची जा रही थी चिड़िया, वन विभाग ने पकड़ी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों का रेस्क्यू किया है। एनएच 58 पर एक पैट्स शॉप पर ये पक्षी गलत तरीके से बेचे जा रहे थे। वनविभाग की टीम को किसी ने इन पक्षियों के बेचे जाने की सूचना दी थी। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। तो दुकान में पक्षी बिकते मिले। टीम ने मौके से पक्षी भी रेस्क्यू किए हैं। डीएफओ राजेश कुमार ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और वहां से पक्षियों को रेस्क्यू किया है। मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। डीएफओ राजेश कुमार ने बताया कि एनएच 58 सिवाया टोल के पास सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने वहां अपनी पैट शॉप में प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षी रखे हैं। सूचना के आधार पर हमने वहां रेड डाली। दुकान में टीम को प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षी मिले हैं। हमने वहां से प्रतिबंधित चिड़ियों के 4 केजेज पकड़े हैं। इसमें 3 चिड़िया ऐसी है जो वाइल्डलाइफ कैटेगरी में प्रतिबंधित हैं। वो भी वहां बेची जा रही थी। वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा कराया जा रहा है। कहा कि हम सभी से अपील करना चाहेंगे कि कहीं भी किसी भी प्रकार के पक्षी चाहे वो किसी भी तरह के हों उनसे जुड़ी कोई भी सूचना देना चाहें तो हमें ऑनलाइन या ऑफलाइन बता सकते हैं। कहा कि घरेलू प्रजाति की चिड़ियों की ब्रीडिंग या उन्हें रखना शामिल नहीं है। आज जो चिड़िया रेस्क्यू की है उसमें प्रतिबंधित प्रजाति के तोते, मैना और कुछ अन्य पक्षी हैं। जो सभी वाइल्डलाइफ कैटेगरी के प्रतिबंधित पक्षी हैं। बाजार में इनकी कीमत क्या है इसके बारे में हम कुछ नहीं बता सकते। लेकिन ये वाइल्ड के पक्षी है वाइल्ड में ही रहें।

### होटल की आड़ में चल रहे थे गोरख धंधे

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर के स्याना में देर रात प्रशासनिक अधिकारियों ने होटल पर छापेमारी कर अभियान चलाया। एसडीम गजेंद्र सिंह व सीओ दिलीप सिंह, नायब तहसीलदार बालेश्वर सिंह , कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा भारी पुलिस बल लेकर नगर में संचालित होटलों में पहुंचे। अलग-अलग नाम से खोले गए होटलों में वेश्यावृत्ति का गोरख धंधा चल रहा था। देर रात प्रशासनिक अधिकारियों ने एक गेस्ट हाउस सहित तीन होटल सील कर दिए। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि बिना परमिशन लिए होटल संचालित किया जा रहे थे। होटल में गलत काम होने की शिकायतें भी मिल रही थी। एसडीएम ने बताया कि अभी तक तीन होटल सील कर दिए गए हैं। अन्य होटलों के दस्तावेज भी जांचे जाएंगे। किसी को भी गलत काम नहीं करने दिया जाएगा। पूर्व में भी इन्हीं होटल के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जहां दो युवक और युवती का वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले में कार्यवाही की बात कही थी। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# मृतक का शव घर पहुचते ही मचा कोहराम, परिजन शव का दाह संस्कार करने से किया मना

## प्रशासन के द्वारा शव के अन्तिम संस्कार कराने में छुटे पसीने

**पीड़ित परिवार के 8 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता के बाद परिजन दाह संस्कार के लिए हुए राजी**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के अमटौरा में बीतीरात दिनदहाड़े रामधारी निषाद की गोली मार कर हत्या कर दिया गया था वही पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव जब घर पहुंचा तो परिजन आक्रोशित हो गए और अभियुक्तों पर कार्यवाही व पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की मांग करने लगे वही पुलिस उनकी मांगों पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे थे उसके बाद देखते ही देखते गांव के ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा था वही विभिन्न पार्टियों व निषाद समाज के नेताओं का काफिला भी पहुंचने लगा वही नेताओं ने पहुंचकर मृतक के परिवार को न्याय दिलाने को लेकर अधिकारियों से अड़ गए कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हम शव का दाह संस्कार नहीं करेंगे। वही मौके पर मौजूद उप जिला अधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता, एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव, तहसीलदार राकेश कनौजिया, चौरी चौरा सीओ अनुराग सिंह, गीडा सीओ प्रशाली गंगवार व लगभग भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे वही आए हुए राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से पीड़ित परिवार के परिजनों से दाह संस्कार करने के लिए मनाते रहे लेकिन वही सभी लोगों ने अपनी कई मागे रखी जिसमें उनकी मांग थी कि पीड़ित परिवार को नौकरी दी जाए, व परिवार के सुरक्षा के लिए असलहे का लाइसेंस, वह परिवार वालों के भारत पोषण के लिए एक करोड रुपए का मुआवजा दिया जाए, दोषियों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई, व मृतक की बेटी की शादी के खर्चे भी मुहैया करवाया जाए, वही गीडा थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की भी माग की उसके बाद उनकी मांगों को लेकर जिला अधिकारी गोरखपुर से उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता ने वार्ता की और परिजनों के सभी मांगों को अवगत कराएगा जिस पर जिलाधिकारी गोरखपुर ने माग पूरी करने के लिए आश्वासन दिया तब जाके मृतक के परिवार के लोग दाह संस्कार के लिए तैयार हुए। वही सुबह से लेकर दोपहर तक शव के दाह संस्कार करने में परिजन वह पुलिस प्रशासन के बीच में गहमा गहमी होती रही और दाह संस्कार करने से मना करते रहे। वही मोक्ष धाम कालेश्वर में दोपहर में दाह संस्कार का कार्यक्रम पुलिस के मौजूदगी में संपन्न हुआ वही गीडा पुलिस द्वारा देर रात सभी नामजद अभियुक्तों को हत्या में शामिल बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया वही इस हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। और माहौल को देखते हुए गांव में पीएसी व पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

## विधायक दीर्घायु के लिए ग्रामीणों ने किया सुंदरकांड पाठ




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम तक्था के बाबा देवस्थल नाथ मंदिर में लोकप्रिय विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल के दीघार्यु के लिए भाजपा मीडिया प्रभारी चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्रामीण ने पूजा अर्चना एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सुंदरकांड होने के उपरांत ग्रामीणों ने शिव आराधना कर विधायक के दीघार्यु होने के लिए प्रार्थना किया। मिठाई बाट कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर शिवनाथ शुक्ला, ऋषिकेश शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, देवकीनंदन शुक्ला, शिबू मिश्रा, प्रेम नारायण शुक्ला, अमन शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी अभिषेक त्रिपाठी समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पचगावा में रिश्तों का खून, राहुल ने हंसिये से चाचा-चाची को किया घायल




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज थाना क्षेत्र के पचगावा गांव में बीती रात लगभग 8 बजे घरेलू विवाद हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में राहुल पटेल पुत्र छागुर ने अपने चाचा और चाची पर हंसिये से हमला कर दिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस के अनुसार, माधुरी देवी पत्नी गौरी शंकर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। राहुल पटेल व बंदना ने हमारे पति गौरी शंकर और हमारे उपर पर हंसिये से हमला कर दिया। इस हमले में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने आरोपी राहुल पटेल को आज गुरम पोखरा से गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से हंसिया बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में मु0अ0स0 565/2024 थारा 109 इठर सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक अजीत कुमार यादव हेड कांस्टेबल प्रदीप मिश्रा मौजूद रहे।

# यू.पी.पी.अलर्ट वेब सीरीज हिंदी एवं भोजपुरी फिल्म मेरा देश मेरा धर्म पूजन का कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। प्रेस क्लब में यू.पी.पी.अलर्ट वेब सीरीज हिंदी और भोजपुरी फिल्म ₹मेरा देश मेरा धर्म₹ पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस वेब सीरीज और फिल्म के माध्यम से पूर्वांचल के कलाकारों को एक समृद्ध मंच प्रदान करने के लिए गोरखनाथ फिल्म गोरखपुर रोजगार सृजन के उद्देश्य से वेब सीरीज एवं भोजपुरी फिल्म का निर्माण पूर्वांचल के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों और पारंपरिक साहित्य एवं संस्कृति को संरक्षण प्रदान करने के लिए विगत 36 वर्षों से गोरखनाथ फिल्म जो अभी तक बॉलीवुड मुंबई में अपनी प्रोडक्शन हाउस के तहत विभिन्न विधाओं में कार्यरत रहा। जिसमें प्रतिभाशाली कलाकारों को फिल्म, धारावाहिक, विज्ञापन फिल्म, प्रतिभा अवार्ड शो, फैशन शो, सौंदर्य प्रतियोगिता आदि के तौर पर सहायक मार्केटिंग एक्सपर्ट की भूमिका अदा कर चुका है। उत्तर प्रदेश में फिल्म बंधु के प्रोत्साहन और माननीय मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के द्वारा कलाकारों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता रहा है, जो पूर्वांचल के लिए एक असीम गौरव की बात है। इतना ही नहीं यह हमारा सौभाग्य है गोरखपुर के लोकप्रिय सांसद माननीय रवि किशन जी का सम्मान भी फिल्म निर्माण और कलाकारों को मंच प्रदान करने में निरंतर सहयोग रहा। इसी उद्देश्य को लेकर गोरखनाथ फिल्म नवनिर्माण यूनिट का सृजन कर आगामी 4 दिसंबर को अपने निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार पूर्वांचल को एक नई सौगात देने जा रहा है। पूर्वांचल के कलाकारों के साथ बॉलीवुड एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली कलाकारों एवं टेक्नीशियन के सहयोग से गोरखनाथ फिल्म निर्देशक आर. एन. सिंह ,सहायक टेक्नीशियन एवं कलाकार कैमरामैन सुरेश बाबा, कथा/पटकथा रजी हैदर ,संगीतकार के रत्नेश मिश्रा, आर्ट डायरेक्टर राज किशोर शर्मा, सहायक कलाकार गजेंद्र सिंह, बैरिस्टर सिंह, बृजेश गुप्ता ,दीपक देश, आकृति सिंह, पुष्पा वर्मा (फिल्म निर्मात्री, गीतकार, कलाकार), संजना पासवान, प्रदीप मिश्रा, रिंशु (अभिनेत्री), रिंकू शुक्ला (कलाकार), कन्हैयालाल ,अमर शर्मा, रुद्र प्रताप सिंह ,अरुण कुमार, नीलम ,प्रदीप मिश्रा संगीता, प्रीति राव, आदि कलाकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभ्रांत व्यक्तियों में समाधान वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण शरण मणि त्रिपाठी, पूर्वांचल राज्य ब्यूरो चीफ सुनील मणि त्रिपाठी , जी. के. आर्ट इंटरनेशनल, जय वन एंटरटेनमेंट, नीरज आर्ट्स, जनार्दन पांडेय, श्याम नारायण पांडेय, सजग सर्वजन के संपादक एस.के. सिंह, डा.जनार्दन सिंह, विजय शंकर विश्वकर्मा की एव आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज किया सरिया चोरी का केस


अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित गैलेंट फैक्ट्री से सरिया लाद कर व्यापारी के यहां ले जा रहे ट्रक चालक द्वारा सरिया चोरी कर बेच देने पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।मिली जानकारी से बृजमोहन जोशी पुत्र स्व लुढ़करन जोशी जो गैलेंट इस्पात लिमिटेड में महाप्रबंधक है।1दिसंबर को शाम 6 बजे ट्रक पर सरिया लाद कर ट्रक चालक ने धर्मकांटा कराया।11620 किग्रा हुआ। गाड़ी खड़ा कर दिया। इसके बाद ट्रक चालक ने उसमें 40 किग्रा सरिया चोरी कर बेच दिया। और ट्रक में ईट, पत्थर रख दिया था। जिसे कर्मचारियों ने देख लिया था।महाप्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक अर्जुन चौहान पुत्र ब्रह्मदेव चौहान निवासी बुधा कला थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

# गाजियाबाद में फुटपाथ पर थार दौड़ाकर बनाई रील

- वीडियो सामने आने के बाद अब कमिश्नरेट पुलिस तलाश में जुटी, एनएच 9 सर्विस रोड की है वीडियो

अमन लेखनी समाचार





गाजियाबाद, गाजियाबाद में अभी तक हाईवे और एक्सप्रेस वे पर रील बनाने की वीडियो सामने आई थीं। लेकिन अब रईसजादे ने फुटपाथ पर भी थार गाड़ी को दौड़ा दिया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रही है। जिसके बाद गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस और थाना पुलिस जांच में जुटी है। गाजियाबाद में थार गाड़ी को फुटपाथ पर चलाने का वीडियो रील सामने आया है, वीडियो इंदिरापुरम के NH 9 सर्विस रोड की है। फुटपाथ पर दौड़ती थार शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को आईना दिखा रही है। हर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग करने वाली गाजियाबाद पुलिस को आखिर यह गाड़ी नहीं दिखी।थार पर नंबर भी गाजियाबाद का ही है। रील वीडियो सोशल मीडिया पर लगतार तेजी से वायरल हो रही है।

जिसमें म्यूजिक की भी आवाज सुनाई पड़ रही है। वीडियो यह किसी व्यक्ति द्वारा अपनी कार में बैठकर बनाई गई है, जिसमें अपनी ही कार का साइड का शीशा भी वीडियो में दिखाई पड़ रहा है।

# कोचिंग इंस्टीटयूट संचालिका के कुंडल लूटे

## मेरठ के सदर बाजार थाना क्षेत्र की घटना, बुरी तरह हुईं लहूलुहान

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के सबसे व्यस्त मार्केट आबूलेन फव्वारा चौक पर कोचिंग इंस्टीटयूट संचालिका के कान के कुंडल लूट लिए गए। महिला बुरी तरह से घायल हो गई। एक्टिवा सवार बदमाश मौके से फरार हो गया। लहुलूहान इंस्टीटयूट संचालिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सोतीगंज निवासी सोनिया पाहवा एक कोचिंग इंस्टीटयूट चलाती हैं। उनके पति सुनील पाहवा इलेक्ट्रानिक्स कंपनी में इंजीनियर हैं। सुनील एक्टिवा पर पत्नी सोनिया और बच्चों के साथ आबूलेन फव्वारा चौक पर जा रहे थे। तभी एक्टिवा पर आए बदमाश ने सोनिया के कुंडल पर झपट्टा मार दिया। कुंडल लूटकर बदमाश फरार हो गया। कान से कुंडल खींचने के कारण सोनिया बुरी तरह से घायल हो गईं। लूट की सूचना पर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। कान में चोट लगने के कारण सोनिया को अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद व्यापारी मौके पर पहुंच गए। व्यापारियों ने कहा कि शहर के सबसे पॉश मार्केट में लगातार घटनाएं हो रही हैं। सदर बाजार थाना पुलिस फेल है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक की जा रही है। इससे पहले बांबे बाजार में पुलिस चौकी के बराबर में बन रहे मंदिर के दान पात्र से चोर 8 लाख रुपये चुरा चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि सदर बाजार थाना पुलिस बदमाशों के सामने बेबस है। सदर थाना क्षेत्र में ही बदमाश एक व्यापारी को खुद को पुलिस वाला बताकर लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं लेकिन पुलिस बदमाशों को पकड़ नहीं पाई है। इसको लेकर व्यापारियों में रोष है।

# बंद मकान में ताला तोड़कर चोरी

## जमीन के कागजात और महंगी साड़ियां भी ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव दतावली में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी कर ली। चोरों ने पूरी तसल्ली से मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अलमारी, बक्से से लेकर पलंग का बॉक्स भी खंगाल डाला। चोर घर से गहने, बर्तनों के अलावा गुल्लक के पैसे, जमीन के कागजात और महिलाओं की महंगी साड़ियां तक चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोरों की तलाश के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है और पूछताछ कर रही है। दतावली निवासी सोमवीर ने बताया कि शनिवार को पूरा परिवार बुआ के यहां भात भरने गया था। घर में ताला पड़ा था। पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि तुम्हारे घर का ताला खुला है। सामान बिखरा है। तब हम लोग घर पहुंचे। देखा तो पूरा घर तितर बितर था। अलमारी, बक्से, पलंग सब खुले पड़े थे। घर में जो भी सोना, चांदी का जेवर, नकद पैसे थे सब चोरी हो गया। सोमवीर की मां उर्मिला ने बताया कि बहू और मेरे दोनों के सोने, चांदी के गहने थे सब चले गए। शादी का घर है तो सारा ही सामान था। शादी में पहनने के लिए हमने महंगी साड़ियां भी ली थी वो भी चोरी हो गई। चोरों ने कुछ भी नहीं छोड़ा। बच्चे की गुल्लक भी तोड़कर उसके पैसे भी निकाल ले गए। मकान के कागज भी ले गए। घर में जो भी हाथ पड़ा वो सारी चीजें चोर ले गए। परिवार ने अज्ञात मे चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवीर ने बताया कि वह फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। वह अपने परिवार के साथ अपनी बुआ के घर मोदीनगर थाना के गाव सिखेड़ा हजारी गांव में शादी समारोह में गए थे।

# बुलंदशहर में 20 कबूतरों को गर्दन तोड़कर मारा

**कबूतरबाज ने की शिकायत, दोनों में चल रही थी रंजिश**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के गांव चिड़ावक में एक कबूतर पालने वाले ने दूसरे कबूतर पालने वाले के 20 से अधिक कबूतरों की गर्दन तोड़कर मार दिया। बेजुबां पक्षियों को इस प्रकार क्रूरता पूर्वक मारने पर पशु-पक्षी प्रेमी भी पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। अथर पुत्र ताहिर खां ने कोतवाली गुलावठी में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में ही रह रहा एक व्यक्ति, जो खुद भी कबूतर पालता है उसने अथर के दो दर्जन से अधिक कबूतरों की गर्दन तोड़कर मार डाला। पीड़ित को इस घटना की जानकारी तब लगी, जब वह अपने मकान की छत पर कबूतरों को दाना पानी डालने पहुंचा था। अचानक सभी कबूतरों को मृत देखकर वह दंग रह गया। पीड़ित का आरोप है कि करीब छह महीने आरोपी ने उसके कबूतर चुरा भी लिए थे, लेकिन तब आपस में माफी-नामे के बाद मामला शांत हो गया था, लेकिन अब पीड़ित ने इंसाफ की गुहार पुलिस से लगाई है। पीड़ित ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

- आसपास की दुकानें भी चपेट में आई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में सुबह सुबह ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के एक ऑटो पार्ट्स शॉप में आग लग गई। घटा सुबह की है। आसपास के लोगों ने दुकान से धुएं का गुबार निकलते देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। तुरंत दुकान मालिक को सूचना दी गई। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को फोन किया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती उससे पहले ही लोगों ने खुद बाल्टियों से पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। ब्रहमपुरी के खत्ता रोड में सन्नो की ऑटो पार्ट्स की दुकान है। सोमवार सुबह साढ़े छह बजे के करीब लोगों ने दुकान से आग की लपटें और धुएं का गुबार उठते देखा। पहले लोग समझ नहीं पाए। लेकिन जैसे ही धुआं बढ़ने लगा और आग आसपास के इलाके में फैलने लगी तुरंत दुकान मालिक सन्नो को बताया कि दुकान में आग लगी है। सन्नो सहित दूसरे पड़ोसी भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने फौरन बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाना शुरू कर दिया। पुलिस और फायर टीम को बुलाया। एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक लोगों ने खुद ही काफी आग बुझा दी थी। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगना बताया जा रहा है। आग से दुकान में रखा काफी सामान जल गया है। दो लाख रुपयों से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## संक्षेप

### 21 विद्यालयों में हुई परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा

**ब्लाक के 630 छात्र छात्राएं हुए शामिल**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के 21 विद्यालयों में सीबीएसई बोर्ड ने बौद्धिक परीक्षा का आयोजन कराया। इस परीक्षा में कक्षा तीन, छह व नौ के छात्र छात्राओं को शामिल किया गया। प्रत्येक कक्षा में रेंडम आधारित 30 छात्र छात्राओं को शामिल किया गया है। श्री गायत्री विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा कराने आई सरदार पटेल इंटर कॉलेज की शिक्षिका रुबीना खान ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बच्चों के क्षमता विकास के लिए यह परीक्षा आयोजित कराई गयी। कॉलेज में पंजीकृत 160 बच्चों में 30 का चयन करके परीक्षा संपन्न कराई गई है। मां शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा करवा रहे सेठ आनंदराम जयपुरिया के शिक्षक पुष्पेंद्र सैनी ने बताया कि यह परीक्षा सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित कराई गई है। नई शिक्षा प्रणाली के तहत परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत आयोजन कराया गया है। इससे छात्राओं की बौद्धिक क्षमता का आंकलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुमेरपुर ब्लाक के 21 विद्यालयों में यह परीक्षा कराई गई है। इस परीक्षा में कक्षा तीन, छह और नौ के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है।

### भाई बहन के झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर हमला

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के नरही मार्ग में पंचमढ़ी के पीछे रहने वाली हैदरी बेगम ने 112 नंबर को फोन करके भाई-बहन के मध्य झगड़े की सूचना दी थी। सूचना पाकर 112 की मोबाइल टीम बाइक से मौके पर पहुंची और झगड़ा कर रहे विक्की अली को दबोच कर थाने लाने की कोशिश की। इसी बीच वह डायल 112 टीम के चुंगल से छूट गया और पत्थर उठाकर बाइक में मार दिए। जिससे बाइक के आगे का लगा वाइजर ब्लॉक टूट गया। इतना ही नहीं युवक ने 112 टीम के सिपाही दिलीप कुमार पटेल व पायलट गिरजा शंकर को भी पत्थर मार कर घायल करने का प्रयास किया। दोनों ने किसी तरह से बचाव करके घटना से थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने युवक को दबोचकर थाने ले आई। दरोगा हरी सिंह का कहना कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है और आये दिन पड़ोस में हंगामा करके लोगों को परेशान करता है। युवक ने बहन के साथ मारपीट की थी। इसी सूचना पर पुलिस उसे पकड़ने गई थी।

### गौआश्रय स्थलों का पशु चिकित्साधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर गौ आश्रय स्थलों में गोवंश को ठंड से बचाव सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी ने ब्लॉक की ग्राम पंचायत पलरा, बिदोखर पुरई, बिदोखर मेदनी, बांक, बांकी, बिलहडी, बंडा, कुण्डौरा आदि का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भेजी है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर सचान ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी पशु स्वस्थ पाए गए हैं। उनके भरण पोषण के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा दाना के इंतजाम मिले हैं। सर्दी से बचाव के लिए टीन शेड में तिरपाल लगाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि गौशालओं में 24 घण्टे चौकीदारों की उपस्थिति किये जाने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही प्रधान व सचिवों को सभी टीन शेडों को तिरपाल से ढकने व अलाव की समुचित व्यवस्था कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# स्वामी ब्रह्मानंद जी की 130वीं जयंती पर सम्मिलित हुए उप मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज स्वामी ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राठ में आयोजित स्वामी ब्रह्मानंद जी की 130वीं जयंती समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उप मुख्यमंत्री के साथ राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा संदीप सिंह भी सभी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

उप मुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री संदीप सिंह का हेलीपैड से उतरने के बाद जनप्रतिनिधियों ने फूलमालों से स्वागत किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने स्वामी ब्रम्हानंद जी की समाधि प्रेरणा स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने अखंड मंदिर में स्वामी जी की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर महाविद्यालय में कंप्यूटरीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया।

इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वामी जी के सपने पूरे न हों यह असंभव है। कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद विश्वविद्यालय के लिए यदि वह कुछ कर पाए तो उनका सौभाग्य होगा। उन्होंने कहा स्वामी जी के नाम पर विश्वविद्यालय निर्माण ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। समिति से कहा प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कीजिए, वह मुख्यमंत्री जी से बात करेंगे। उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में बुंदेलखंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 से 2024 तक बुंदेलखंड में बदलाव आया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से आवागमन सुलभ हुआ है। गरीबी के कारण हो रहा पलायन रुका है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना से जरूरतमंदों के घर बन रहे हैं। हर घर जल पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। आज बुंदेलखड में तीन विश्वविद्यालय हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए समर्पित है। उप मुख्यमंत्री ने निरीक्षण भवन राठ में पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से बातचीत की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर जरूरी निर्देश देते हुये कहा कि विभागीय कार्यो एवं योजनाओं को धरातल पर तेजी से आगे बढ़ाया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मन्शा के अनुरूप कार्य करें। गांव गरीब, किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाये। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत, सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, सदस्य विधान परिषद जितेंद्र सेंगर, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजयशंकर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक तथा अन्य पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# प्रेमिका से बात करते ट्रेन के आगे कूदकर दी जान




### फोन पर किसी से बहस कर रहा था युवक पुलिस कर रही जांच

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में रामगंज कोतवाली क्षेत्र के रंगीन का पुरवा गांव के पास देर रात प्रेमिका से फोन पर बात कर रहा युवक अचानक ट्रेन के सामने कूद गया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना रात करीब 12 बजे की है। त्रिशुंडी गांव के रहने वाले ऋतिक वर्मा (22) पुत्र रजत वर्मा रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और अचानक गुजर रही ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। रेलवे ट्रैक पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक फोन पर किसी महिला से जोर-जोर से बहस कर रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि वह बात करते-करते रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया और ट्रेन के आगे कूद गया। सूचना मिलते ही

#### एसएचओ ने बताया......

रामगंज थाने के एसएचओ अजयेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया, युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस की शुरूआती जांच के मुताबिक फोन पर प्रेमिका से हुई बहस के कारण युवक ने यह कदम उठाया।

# सुल्तानपुर में मजलिस का आयोजन

**फातमा जहरा मोहम्मद साहब की थीं इकलौती बेटी, नबी ने अपने दिल का कहा टुकड़ा**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर के सभी शिया इलाकों में मजलिस का दौर जारी है। तुराबखानी के इमामबाड़े में मजलिस मौलाना इमाम हैदर बम्बई ने खेताब किया। मंगलवार रात मौलाना जायर हसन की तरफ से हुसैनिया बादल खां अमहट में एक मजलिस हुई जिसे मौलाना सैयद तहकीक हुसैन रिजवी गुजरात ने खेताब किया। हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान ने बताया कि मौलाना ने कहा कि जनाबे फातमा जहरा मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी थीं जिसे मोहम्मद साहब अपने दिल का टुकड़ा कहते थे। जब फातमा जहरा की शादी का समय आया तो खुदा ने मोहम्मद साहब को आदेश दिया कि फातमा की शादी मेरे आदेश से होगी और खुदा ने कहा ऐ मेरे पैगम्बर अरब के लोगों से कह दो कि एक निर्धारित समय पर आसमान से एक तारा उतरेगा। जिसके घर पर उतरेगा उसी के साथ फातमा की शादी होगी।

#### मां थीं अरब की मलका

इस प्रकार अरब के लोग अपना घर सजाये बैठे थे आसमान से सितारा चला और पूरे अरब का चक्कर लगाता हुआ अली के घर पर उतरा और फातमा जहरा की शादी मौला अली अलैहिस्सलाम के साथ हुई। जनाबे फातमा जहरा की मां का नाम जनाबे खदीजतुल कुबरा था जो अरब की मलका थीं जिनका अरब में शासन था।

#### निकलेगा आज रात जुलूस

आज रात 8 बजे अंजुमन असगरिया अमहट की तरफ से हुसैनिया नौतामीर अमहट में एक मजलिस होगी। जिसमें पेशख्वानी जोहेर अकबरपुरी, आरिफ रजा लखनऊ, अंसार सुलतानपुरी, आबिस रजा सुलतानपुरी और संचालन मौलाना फैज अब्बास, मौलाना जीशान हैदर करेंगे। मजलिस को मौलाना रेहान हैदर जैदी आस्ट्रेलिया पढ़ेंगे। इसके बाद अमहट की सभी अंजुमने नौहा मातम करेंगी और जनाबे फातमा जहरा सलामुल्लाह अलैहा के शबीह ताबूत का जुलूस हुसैनिया नौतामीर से उठकर जामा मस्जिद अमहट पर खत्म होगा।

### वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर हुआ कैंप का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम) राजगढ़ गौरीगंज अमेठी में जिला अस्पताल असैदापुर के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा० पीताम्बर कन्नौजिया व उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में उपस्थित समस्त वृद्धजनो की बी.पी. चेक की गयी तथा ताकत, गैस, और बुखार तथा आँख की दवा वृद्धजनों को निशुल्क प्रदान की गयी। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सभी सेवासियों का स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। किसी को भी कोई गम्भीर समस्या नहीं थी। चिकित्सा शिविर में डा० पीताम्बर कन्नौजिया द्वारा समस्त वृद्धजनों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके खानपान, व्यायाम, दैनिक दिनचर्या इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी व स्वस्थ्य रहने के विभिन्न उपायों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

# प्रेमी-प्रेमिका ने एक साथ खाया जहर, प्रेमी की मौत

**प्रेमिका की हालत गंभीर, तीन साल से चल रहा था ड्राइवर से अफेयर**

अमन लेखनी समाचार




मृतक युवक की फाइल फोटो

सुल्तानपुर में प्रेमी-प्रेमिका ने एक साथ जहर खाकर जान देने की कोशिश की। दोनों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर ने लड़के को डेड घोषित कर दिया। वहीं लड़की को गंभीर हालत में डॉक्टर ने जिला अस्पताल अम्बेडकर नगर रेफर किया। लेकिन परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर इलाज करा रहे है मामला जनपद सुल्तानपुर के दोस्तपुर थानाक्षेत्र से जुड़ा है। थाना क्षेत्र के ग्राम भीलमपुर निवासी भारतलाल निषाद (20) एक प्राइवेट कॉलेज में गाड़ी चलाता था। उसी स्कूल में पढ़ने वाली 20 वर्षीय छात्रा से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों के मध्य प्रेम प्रसंग चलते हुए 3 साल हो गए थे। इसी बीच भारतलाल की प्रेमिका शादी करने की जिद करने लगी। तब भारत ने अपने भाई की शादी हो जाने के बाद शादी करने की बात कही। मंगलवार को बात बढ़ गई थी और दोनों के घरों तक मामला पहुंचा तो दोनों परिवार के लोगों ने लड़के लड़की पर सख्ती की। तभी बीती रात दोनों घर से निकलकर भीलमपुर में 52 बीघा के नाम से तालाब के पास आए और दोनों ने एक साथ जहर खा लिया। परिजन रात भर दोनों की खोजबीन करते रहे।

सुबह खेत में जोताई कर रहे ट्रैक्टर ड्राइवर ने दोनों को तड़पते देखा तो परिजनों को सूचना दी। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लाया गया। यहां भारतलाल निषाद को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम के बगैर शव लेकर घर गए और अंतिम संस्कार कर दिया। लड़की की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया

#### थानाध्यक्ष पंडित ने बताया....

थानाध्यक्ष पंडित तिवारी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। सूत्रों की मानें तो आज यानी बुधवार को दोनों कोर्ट मैरिज करने वाले थे।

# वन स्टॉप सेन्टर द्वारा लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए लोगों को किया जागरुक

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला अस्पताल गौरीगंज में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर वृहद स्तर पर वन स्टॉप सेन्टर अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। वन स्टॉप सेन्टर केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया कि लिंग आधारित हिंसा से महिलाएं और लड़कियां उच्च जोखिम का सामना कर रही हैं हमारे घरों, कार्यस्थलों, रास्तों, सड़को और आनलाइन माध्यमों पर महिलाओं व लड़कियों के लिए लिंग आधारित हिंसा का शिकार होने का जोखिम बहुत अधिक है। इन समस्याओं को दूर करने हेतु हम सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा। समाज, सरकार और व्यक्तियो के सामूहिक प्रयासों से लिंग आधारित हिंसा को समाप्त किया जा सकता हैं। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं जैसे - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर योजना, तथा हेल्पलाइन सेवा जैसे महिला हेल्पलाइन सेवा- 181, पुलिस हेल्पलाइन सेवा -112, एम्बुलेंस सेवा-108, स्वास्थ्य सेवा -102, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा -1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा- 1076, साइबर हेल्पलाइन सेवा -1930 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी एवं किरन सिंह काउंसलर, महिलाएं मौजूद रहीं।

### सामूहिक दावत में खाने के दौरान हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। सामूहिक दावत में आमने-सामने बैठकर खाना खाने के दौरान हुए विवाद के बाद हुई मारपीट व गाली गलौज की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। मौदहा कोतवाली के करहिया गांव निवासी दिनेश उर्फ पिन्टू पुत्र जियालाल ने कोतवाली मे दी गयी तहरीर में बताया है कि एक दिसंबर को उसके गांव के रामकृपाल प्रजापति के घर में उसके बेटे के कार्यक्रम में शाम को गांव वालों की दावत थी। जिसमें वह अपने परिवारिक दीपू पुत्र मूलचंद्र सहित अन्य लोग आमने सामने बैठकर खाना खा रहे थे। तभी गांव के ही जसवंत सिंह ने सामने बैठने को लेकर नोकझोंक शुरू कर दी। जसवंत व उसके भाई जसकरण ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर जसवंत, जसकरण तथा प्रदीप व अनुज ने मिलकर उसे तथा दीपू को मारा पीटा। लाठी डंडों से सिर पर वार करने से उसे तथा दीपू को गंभीर चोटें आयी हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

# राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन दीक्षांत समारोह से पहले शुरू हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार




अमेठी में फुरसतगंज स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह से पहले विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और स्थानीय सांसद किशोरीलाल शर्मा के प्रोटोकाल का अनादर किया है, जिससे अमेठी जनमानस का अपमान हुआ है। राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय की स्थापना राहुल गांधी ने 2013 में सदन से पास कराकर अमेठी में की थी। यह विश्वविद्यालय एशिया का पहला विमानन विश्वविद्यालय था। कुछ महीने पहले किशोरीलाल शर्मा ने संसद में इस संस्थान के मुद्दे को उठाया, जिससे संस्थान में प्रगति हुई और नये श्ठ की नियुक्ति भी की गई। अब, 7 दिसंबर को विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कांग्रेसियों का कहना है कि केंद्र सरकार का अमेठी के प्रति सौतेला व्यवहार है और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने जानबूझकर दीक्षांत समारोह में राहुल गांधी और सासंद किशोरीलाल शर्मा के प्रोटोकाल का पालन नहीं किया। सांसद कार्यालय के प्रभारी बृजेश तिवारी ने विश्वविद्यालय अधिकारियों से संपर्क किया तो बताया गया कि दोनों नेताओं को मंच पर स्थान नहीं मिलेगा, वे केवल पहली पंक्ति में बैठ सकते हैं। कांग्रेसियों ने इसे अपमानजनक और निंदनीय बताया और कहा कि यह अमेठी जनमानस का अपमान है। 2011 में राहुल गांधी ने इंदिरा गांधी उड़ान अकादमी के सिल्वर जुबली कार्यक्रम में अमेठी में विमानन विश्वविद्यालय बनाने का वादा किया था, जिसे 2013 में शिलान्यास किया गया। कांग्रेसियों का कहना है कि अब तक विश्वविद्यालय के साथ किए गए व्यवहार से यह साबित होता है कि केंद्र सरकार की नीतियां अमेठी के प्रति सौतेली हैं।

### परख परीक्षा-विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद में सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। परख परीक्षा 2024 पीएमश्री विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद फतेहपुर में प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम के निर्देशन में सकुशल संपन्न हुई। विद्यालय में परख परीक्षा 2024 प्रवक्ता संजय सिंह एवं कला विभाग के प्रमुख दुर्गा प्रसाद वा विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम की उपस्थिति में सम्पूर्ण पारदर्शिता के साथ नकल विहीन कराई गई। परख परीक्षा 2024 के अंतर्गत विद्यालय में कक्षा क की कुल छात्राओं से सैंपलिंग विधि द्वारा चयनित 30 छात्राओं की परीक्षा हुई। परीक्षा अवधि 02 घंटे में हिंदी, अंग्रेजी भाषा, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने पूरे जोश के साथ परख परीक्षा 2024 में सक्रिय सहभागिता की।

# छह दिन की छापेमारी के बाद बगैर खुलासे के लौटी आयकर टीम

**इस्पात फैक्ट्री में 144 घंटे चली छापेमारी**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। छह दिन तक चली जांच पड़ताल के बाद आयकर विभाग की टीम इस्पात फैक्ट्री के कुछ जरूरी अभिलेख, लैपटॉप आदि सामग्री साथ में लेकर मंगलवार को देर रात वापस लौट गई। टीम ने पूछताछ के बाद सभी कम्पनी मैनेजरों को मोबाइल फोन वापस करके मुक्त कर दिया है। कम्पनी का फरार निदेशक अभी तक वापस कम्पनी में नहीं लौटा है। फैक्ट्री के मैनेजर फैक्ट्री शुरू करके उत्पादन पटरी में लाने की कवायद में जुट गए हैं। छः दिन तक कच्चा माल लेकर आए ट्रकों में से कम्पनी के ट्रकों को प्राथमिकता के साथ खाली कराया जा रहा है। आयकर विभाग की टीम ने 27 नवम्बर बुधवार को रात 11 बजे सुमेरपुर कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित रिमझिम इस्पात लिमिटेड एवं उसकी सहयोगी फैक्ट्रियों में एक साथ छापा मारा था। छठवें दिन मंगलवार की रात्रि 11 बजे टीम फैक्ट्री से जरूरी दस्तावेजों के साथ लैपटॉप आदि सामग्री समेटकर वापस लौट गई है। टीम ने छापेमारी के दौरान क्या पकड़ा है इसका अधिकृत रूप से खुलासा यहां पर नहीं किया है। आशंका जताई जा रही है कि टीम ने करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी है। बुधवार को फैक्ट्री के उत्पादन को पटरी पर लाने की कवायद जारी थी। दोनों शिफ्टों में ज्यादा से ज्यादा वर्करो को कार्य पर बुलाया गया है। इससे फैक्ट्री के मजदूरों ने राहत महसूस की है। फैक्ट्री के मैनेजर मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि टीम की जांच पड़ताल जारी है। क्या खामिंया मिली है यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि टीम ने क्या पकड़ा है। फैक्ट्री के उत्पादन को रूटीन में लाने की कोशिश शुरू की है। जल्द ही यह पटरी पर आ जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी फैक्ट्री डायरेक्टर की वापसी नहीं हुई है। बता दें कि यह डायरेक्टर छापेमारी के दौरान टीम को चकमा देकर फरार हो गया था। तभी से यह भूमिगत है। वहीं छापेमारी के दौरान बाहर से कच्चा माल लेकर आने वाले ट्रकों का फैक्ट्री बाहर जमावड़ा लग गया था। टीम के वापस जाने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन इनको जल्द से जल्द खाली करने की कोशिश में जुट गया है। कम्पनी के ट्रकों को प्राथमिकता के तौर पर खाली कराया जा रहा है।

# फरियादियों की समस्या सुनते कप्तान अमेठी



अमन लेखनी समाचार

अमेठी (ब्युरो रिपोर्ट) जनपद के पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अमिताभ बच्चन को आया गुस्सा क्रिप्टिक पोस्ट कर बोले 'चुप'

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर खूब सक्रिय रहते हैं। फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर) तक वे लगातार पोस्ट साझा करते हैं। इसके अलावा वे ब्लॉग लेखन भी करते हैं। हालांकि, अपने पोस्ट में बिग बी ज्यादातर अपने कामकाज से संबंधित बातें करते नजर आते हैं या फिर कोई कविता किस्सा सुनाते हुए। लेकिन, सोमवार को अमिताभ बच्चन ने एक्स पर जो पोस्ट साझा किया है, इसमें वे गुस्सा होते दिख रहे हैं। बिग बी ने एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'चुप'। इसके साथ गुस्से वाली इमोजी पोस्ट की है। बिग बी का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फैंस चिंता जता रहे हैं कि आखिर उन्होंने ऐसा पोस्ट क्यों किया है।

लाइफ Style

# कायनात

## गायिकी का भी रखती हैं हुनर



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कायनात अरोड़ा ने छोटे से करियर में बॉलीवुड के साथ ही पंजाबी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है। क्या कहा आप कायनात अरोड़ा को नहीं जानते? क्या आप मिस मार्लो को जानते हैं? जी हां, मिस मार्लो, कहीं सुना-सुना लग रहा है न ये नाम। बिल्कुल सही समझे आप।

फिल्म 'ग्रैंड मस्ती' की मिस मार्लो यानी कायनात अरोड़ा। कायनात उत्तर प्रदेश के सहारनपुर की रहने वाली हैं। अभिनय के अलावा ने गायिकी का हुनर भी रखती हैं। कई मलयालम फिल्मों में उन्होंने गाने गाए हैं। 2 दिसंबर 1982 को सहारनपुर में जन्मी कायनात अरोड़ा ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। 2010 ने अक्षय कुमार और तृषा की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'खट्टा-मीठा' में विशेष उपस्थिति यानी स्पेशल अपीयरेन्स के साथ उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। इस फिल्म के लोकप्रिय आइटम नम्बर 'आइला रे आइला' में उन्होंने अपनी झलक दिखाई। कायनात अरोड़ा के बर्थ ईयर को लेकर सोशल मीडिया पर ही अंतर है। ज्यादातर जगहों पर उनका जन्म वर्ष 1986 है। वहीं, आईएमडीबी पर जन्म का वर्ष 1982 है। सोशल मीडिया की ही खबरों के मुताबिक फर्जी जन्मतिथि और अपने मूल नाम चारू अरोड़ा के चलते उनका जर्मनी का वीजा भी एक बार रद्द हो चुका है। अपने समय की मशहूर अदाकारा दिव्या भारती के साथ कायनात का रिश्ता है। कायनात दिव्या भारती की चचेरी बहन हैं। कायनात के बॉलीवुड करियर की बात करें तो फिल्म 'खट्टा मीठा' से डेब्यू के बाद उन्हें पहचान मिली 2013 में आई इंद्र कुमार निर्देशित वयस्क कॉमेडी फिल्म 'ग्रैंड मस्ती' से।

हॉलीवुड मसाला




# 'मोआना-2' पर नोटों की बरसात

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'मोआना 2' बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है। थैंक्सगिविंग पर कमाई के मामले में इसने रिकॉर्ड बनाते हुए साल 2023 की सुपर मारियो ब्रदर्स मूवी को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार 27 नवंबर को रिलीज हुई 'मोआना 2' ने शुरुआती पांच दिनों में रिकॉर्डतोड़ कारोबार कर लिया है। थैंक्सगिविंग पर यह सबसे बड़ी फिल्म बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोआना 2 ने पूरे उत्तरी अमेरिका में शुरुआती पांच दिनों में 221 मिलियन डॉलर की कमाई की है।



# मॉर्गन लॉफ्टिंग लाइब्रेरी में भी कर चुकी हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** वॉइस आर्टिस्ट मॉर्गन लॉफ्टिंग का निधन 81 साल की उम्र में हो गया। उन्हें बैरोनेस की भूमिका के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। उन्होंने कई बड़े शो में अपनी आवाज दी। उनके शोक से प्रशंसक शोक में हैं। वॉयस एक्ट्रेस मॉर्गन लॉफ्टिंग का जन्म 2 फरवरी, 1940 को सिनसिनाटी में जन्म हुआ। 1989 में लॉफ्टिंग ने अपनी स्नातक की डिग्री पूरी की। फिर कैल स्टेट नॉर्थ्रिज में इतिहास में मास्टर डिग्री हासिल की। बाद में उन्हें लाइब्रेरियन के रूप में काम किया। उन्हें 'किताबों के साथ बारटेंडिंग' का भी शौक था। वॉयस एक्ट्रेस मॉर्गन लॉफ्टिंग ने 1981-82 की स्पाइडर-मैन सीरीज के लिए आंटी मे और ब्लैक कैट और 1985 की ट्रांसफार्मर्स सीरीज के लिए मूनरेसर और फायरस्टार की भूमिका भी निभाई।



# 'पुष्पा-2' का नया गाना 'फीलिंग्स' जारी

**मुंबई।** 'पुष्पा 2ः द रूल' अगले हफ्ते बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। जहां प्रशंसक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में 'पुष्पा 2' के नए गाने 'फीलिंग्स' का टीजर जारी किया था। फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने आखिरकार प्रशंसकों के इंतजार पर विराम लगाते हुए फिल्म का यह गाना जारी कर दिया है। इस धमाकेदार गाने में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के किरदारों यानी पुष्पा राज और श्रीवल्ली ने अपनी बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई है। गाने की धमाकेदार बीट्स पर थिरकते हुए दोनों ने डांस फ्लोर पर आग लगा दी। लंबे समय के बाद अल्लू अर्जुन ने एक बार फिर स्क्रीन पर अपने डांस कौशल का प्रदर्शन किया है और दर्शकों को प्रभावित किया है।




# नाना की 'वनवास' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** नाना पाटेकर जिस भी किरदार को निभाते हैं, उसमें पूरी तरह से ढल जाते हैं। वह फिल्म 'वनवास'में भी अभिनय कर रहे हैं। अभी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म 'वनवास'के ट्रेलर में उनका भावनात्मक अभिनय दर्शकों की आंखों को गीला कर देने क्षमता रखता है। इस फिल्म में उनके साथ अहम भूमिका में अभिनेता उत्कर्ष शर्मा हैं। फिल्म 'वनवास'के ट्रेलर में नाना पाटेकर का किरदार अपने परिवार के साथ बनारस आता है। उनका परिवार उन्हें यही अकेला छोड़ जाता है। ऐसे में वह उत्कर्ष के किरदार से मिलते हैं और दोनों के बीच एक अलग रिश्ता बनता है। आखिर में उत्कर्ष का किरदार वादा करता है, वह उन्हें उनके बच्चों से मिलवा देगा। लेकिन आगे कुछ ऐसा होता है कि नाना का किरदार अपना ही पिंडदान कर देता है।

टीवी मसाला



# माहौल अच्छा नहीं होता तो एक साल से ज्यादा नहीं कर पाता काम

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में सोनू के किरदार के लिए जानी जाने वाली पलक सिधवानी को शो निर्माता असित कुमार मोदी ने जवाब दिया है। पलक सिधवानी ने असित कुमार मोदी पर मानसिक प्रताड़ना और पूरे पैसे न देने का क्लेम लगाया था। असित कुमार मोदी ने बातचीत में कहा कि हर आर्टिस्ट को समय पर उनकी सैलरी दे दी जाती है। असित कुमार मोदी ने कहा, 'हमें सेट पर अनुशासन बनाए रखना होता है। अगर आप पहले से ही किसी संगठन के साथ काम कर रहे हैं, तो क्या आपको दूसरे काम करने की भी अनुमति होगी, है न? इसी तरह, हमारे पास भी कुछ नियम हैं क्योंकि हमें हर महीने 26 एपिसोड शूट करने होते हैं। असित कुमार मोदी ने कहा, 5-6 साल तक हमारे शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में काम करने के बाद इस तरह के आरोप लगाना दुखद है। अगर हमारे सेट पर माहौल वाकई खराब होता, तो कोई भी वहां एक साल से ज्यादा काम नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि अगर लोग जाने से पहले अपनी चिंताएं साझा करते, तो मैं समझ जाता। हमारे साथ काम करने वाले हर कलाकार को समय पर भुगतान किया गया है। कुछ कलाकार 16 साल से हमारे साथ हैं, और उन्हें कभी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।असित कुमार मोदी पर पलक सिधवानी ने कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा था कि उन्हें अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करने की धमकी भी दी। पलक ने कहा, अपनी खराब सेहत के बारे में बताने के बावजूद, उन्हें 12 घंटे तक शूटिंग करने के लिए मजबूर किया गया।

## सीआईडी 2' के नए प्रोमो ने बढ़ाई फैंस की उत्सुकता

**नई दिल्ली।** टीवी का लोकप्रिय शो 'सीआईडी'पांच वर्षों के बाद फिर से वापसी कर रहा है। हाल ही में इसका नया प्रोमो रिलीज हुआ, जिसमें शो के अभिनेता शिवाजी साटम अपना मशहूर संवाद 'कुछ तो गड़बड़ है' बोलते हुए नजर आएं। बीस वर्षों तक छोटे पर्दे पर राज करने वाला शो सीआईडी पांच साल के अंतराल के बाद फिरसे से टीवी पर वापसी करने को तैयार है। अक्टूबर 2024 में शो को लेकर घोषणा की गई थी कि यह वापसी करेगा। हाल ही में इसका टीजर भी जारी हुआ। टीजर में पक्के दोस्त दया और अभिजीत आमने-सामने नजर आएं। इस टीजर ने प्रशंसकों में चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में शो का नया प्रोमो जारी किया गया। शिवाजी साटम जो शो में एसीपी प्रद्युम्न का किरदार निभाते हैं, अपना मशहूर संवाद 'कुछ तो गड़बड़ है' बोलते हुए नजर आएं।




# बनकर तैयार था गाना हीरो ने बंद कर दी फिल्म

**नई दिल्ली।** साल 1980 में रिलीज हुई फिरोज खान की फिल्म 'कुर्बानी'ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसका गाना 'लैला ओ लैला'भी सुपरहिट हुआ था। आज भी लोग इस गाने को सुनना पसंद करते हैं। हाल ही में सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' में जीनत ने इस गाने के बारे में दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि यह आइकॉनिक सॉन्ग 'कुर्बानी'नहीं बल्कि, किसी दूसरी फिल्म के लिए तैयार किया गया था। सोनी टीवी के ऑफिशियल इंस्टा हैंडल पर 'इंडियन आइडल'का एक प्रोमो शेयर किया गया है। इस वीडियो में जीनत अमान शो की एक कंटेस्टेंट से बात करती नजर आ रही हैं। इस बीच वह 'लैला ओ लैला'गाने को लेकर एक बड़ा खुलासा करती हैं। प्रोमो में जीनत अमान ने बताया कि यह गाना 'कसक' फिल्म के लिए बनाया गया था।



***जीनत अमान ने सालों बाद खोला राजः*** जीनत अमान ने कहा, 'जब लैला ओ लैला की शूटिंग हुई। यह पहली बार था जब मैंने फिरोज साहब के साथ शूटिंग की थी और यह फिल्म कुर्बानी के लिए नहीं था, बल्कि यह कसक के लिए था। हमने इस गाने की शूटिंग बहुत प्यार, मेहनत और जुनून के साथ की थी। बाद में फिरोज खान साहब ने फैसला किया कि वह कसक फिल्म नहीं बनाएंगे। वह फिल्म कैंसिल हो गई और फिर इस गाने का इस्तेमाल कुर्बानी मूवी में किया गया।' इस गाने को जीनत अमान और फिरोज खान पर फिल्माया गया था।

# इस हफ्ते दिखेगा विक्की विद्या और जिगरा, ओटीटी पर इन सीरीज-फिल्मों को देख दूर होगा 'तनाव'...

**नई दिल्ली।** साल 2024 के आखिरी महीने दिसंबर का पहला हफ्ता शुरू हो चुका है। ऐसे में इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई धमाकेदार फिल्में और वेब सीरीज भी रिलीज होने के लिए तैयार हैं। वर्तमान में कई लोग ऐसे हैं, जो ओटीटी पर पसंदीदा वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने का इंतजार करते हैं। अब उनके इंतजार पर विराम लगने वाला है। दर्शकों के लिए दिसंबर का पहला हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते ओटीटी पर कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं। चलिए आपको बताते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।

**जिगरा :** 'जिगरा' की कहानी एक बहन के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने छोटे भाई की रक्षा के लिए हर हद तक जा सकती है। हिंदी फिल्म में आलिया भट्ट, वेदांग रैना, आदित्य नंदा, आकांक्षा रंजन कपूर और राहुल रविंद्रन मुख्य भूमिकाओं में हैं। जिगरा 6 दिसंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**विक्की विद्या का वो वाला वीडियो :** 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' की कहानी एक विवाहित जोड़े पर केंद्रित है, जिनकी सीडी चोरी हो जाती है, जिसमें उनका निजी वीडियो है। फिर यह फिल्म सीडी को खोजने के उनके संघर्ष को दिखती है। फिल्म में राजकुमार राव, तृप्ति डिमरी, मल्लिका शेरावत, विजय राज और अर्चना पूरन सिंह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 6 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



**तनाव सीजन-2 :** हिंदी वेब सीरीज 'तनाव' का पहला भाग 6 सितंबर को रिलीज हुआ था। इसका दूसरा भाग यानी तनाव सीजन 2, 6 दिसंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाला है। इसमें मानव विज, गौरव अरोड़ा, कबीर बेदी, रजत कपूर और एकता कौल अहम भूमिका में हैं।

**अमरन :** तमिल फिल्म मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन और 2014 में शोपियां में काजीपथरी ऑपरेशन में उनके योगदान के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में साई पल्लवी, शिवकार्तिकेयन, भुवन अरोड़ा, राहुल बोस, सुरेश चक्रवर्ती और श्रीकुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। अमरन 5 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।

## 16 साल पहले टीवी से किया था डेब्यू, अब है कॅरियर के पीक पर

# ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाला सुपरस्टार ने अचानक छोड़ी इंडस्ट्री

*नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री में एक ऐसा एक्टर है जो कुछ साल पहले ही करियर के पीक पर पहुंचा और अब रिटायरमेंट की घोषणा करके फैंस को चौंका दिया है। इस एक्टर ने 'बालिका वधू' से काम करना शुरू किया और पिछले साल बॉलीवुड को झकझोर देने वाली फिल्म देकर हर किसी का फेवरेट बन गया।*

विक्रांत मैसी एक जाने-माने मशहूर एक्टर हैं जो हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में दिखाई दिए हैं। विक्रांत ने कई हिट फिल्में दी हैं। हाल ही में, विक्रांत ने इंस्टाग्राम पर यह घोषणा करके अपने फैंस को चौंका दिया कि वह 2025 के बाद एक्टिंग से संन्यास ले लेंगे। विक्रांत के फैंस जानकर हैरान हैं कि करियर के पीक पर आखिर उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री क्यों छोड़ दी। विक्रांत मैसी का जन्म 3 अप्रैल 1985 को मुंबई में हुआ था। 2024 तक उनकी उम्र 37 साल है। विक्रांत मैसी का जन्म उनके माता-पिता जॉली और आमना से हुआ था और उनका एक बड़ा भाई है जिसका नाम मोइन है। बाद में मोईन ने इस्लाम धर्म अपना लिया। उनके माता-पिता बचपन के प्रेमी थे जो शादी करने के लिए भाग गए थे। हालांकि उनका परिवार मूल रूप से शिमला से आता है, विक्रांत का पालन-पोषण मुंबई में ही हुआ है।

### मैसी की शादी और बच्चा


उन्होंने 2015 में एक्ट्रेस शीतल ठाकुर के साथ डेटिंग शुरू की। उन्होंने नवंबर 2019 में सगाई कर ली और 14 फरवरी, 2022 को शादी कर ली। दोनों का अब एक बच्चा भी है जिसका नाम वरदान है।

### विक्रांत की पढ़ाई-लिखाई और नेटवर्थ

उन्होंने वर्सोवा के सेंट एंथोनी हाई स्कूल में पढ़ाई की और बाद में मुंबई के बांद्रा में आर. डी. नेशनल कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में चले गए। जब वह केवल 7 साल के थे, तब उन्होंने एक डांसर और एक्टर के रूप में परफॉर्म करना शुरू कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी कुल नेटवर्थ लगभग 26 करोड़ रुपए है।

### 'बालिका वधू' में श्याम सिंह बनकर शुरुआत

विक्रांत ने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की और 2007 में 'धूम मचाओ धूम' में आमिर हसन के रोल से करियर की शुरुआत की। उन्हें लोकप्रिय शो 'बालिका वधू' में श्याम सिंह के छोटे से रोल से पहचान मिली, जो उन्होंने 2009 से 2010 तक प्ले किया। उन्होंने 2013 में फिल्म 'लुटेरा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने रणवीर सिंह और सोनाक्षी सिन्हा के साथ काम किया। 2015 में, उन्होंने ज़ोया अख्तर की फिल्म 'दिल धड़कने दो' में काम किया, जिसमें उन्होंने रिधिमा सूद के साथ स्क्रीन शेयर किया।



### करियर का सबसे बड़ा टर्निंग प्वॉइंट

उनकी पहली लीड रोल वाली फिल्म 2017 में कोंकणा सेन शर्मा की 'ए डेथ इन द गुंज' में आई। 2018 में, विक्रांत मैसी ने हिट क्राइम ड्रामा 'मिर्ज़ापुर' के साथ वेब सीरीज की दुनिया में एंट्री की। 2021 में उन्होंने सीमा पाहवा के डायरेक्शन में बनी 'रामप्रसाद की तेहरवी' में अपने दादा की तेहरवी (एक हिंदू अनुष्ठान) के लिए घर लौट रहे राहुल की भूमिका निभाई। 2023 की फिल्म '12वीं फेल' उनके करियर में बड़ा टर्न साबित हुई और अब वो 'साबरमती रिपोर्ट' से सुर्खियां बटोर रहे हैं।